## युवक की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का लगाया आरोप

### बुधवार दोपहर गया था ससुराल, दोस्तों ने शराब पीने से हालत बिगड़ने की दी थी सूचना

संवाददाता छिबरामऊ

अमृत विचार। बिशुनगढ़ थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव में होली की खुशियां मातम में बदल गईं। एक युवक की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाया है।

राजस्थान में नौकरी करने वाला सत्यवान जाटव (28) त्योहार पर घर आया था। मंगलवार को सत्यवान अपने गांव के दोस्तों के साथ ससुराल गया था। बुधवार दोपहर दोस्तों ने परिजनों को सूचना दी कि शराब पीने से उसकी तबीयत बिगड़ गई है। उसे छिबरामऊ के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों ने साथ गए तीन दोस्तों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। सत्यवान तीन बहनों का इकलौता भाई था।

- भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ,जांच जारी है


सत्यवान की फाइल फोटो।

उसके पीछे पत्नी पूनम और दो मासूम बच्चे (3 वर्ष और डेढ़ वर्ष) हैं। घर के इकलौते चिराग की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही मौके पर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है और मामले की जांच जारी है।


रोते बिलखते परिजन। अमृत विचार


घटना के बाद जांच करने पहुंची पुलिस। अमृत विचार

## 32 विद्यालयों में सम्मानित होंगे बच्चे और अभिभावक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 232 से अधिक नामांकन वाले स्कूलों का चयन

अमृत विचार। जिले में 32 स्कूल ऐसे हैं जहां छात्र संख्या 232 से अधिक है। इन प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में बच्चे व अभिभावक सम्मानित किए जाएंगे।

महानिदेशक स्कूल शिक्षा मोनिका रानी ने बीएसए को भेजे पत्र में कहा है कि यह कार्यक्रम पीएम श्री विद्यालयों को छोड़कर आयोजित होंगे। परिषदीय विद्यालयों में बच्चों व अभिभावकों को उत्कृष्ट उपलब्धियों एवं योगदान के लिए पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रभावशाली व्यक्तियों व विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों और सभी अभिभावकों को आयोजन से दो दिन पहले अध्यापकों की ओर से बच्चों के बनाए निमंत्रण कार्ड देकर आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक कक्षा से पिछले साल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एक-एक छात्र व छात्रा को पुरस्कृत किया जाएगा। सर्वाधिक उपस्थिति वाले बच्चे को प्रत्येक कक्षा से चुनकर सम्मानित करने को कहा गया है। विभिन्न गतिविधियों खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य आयोजनों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को भी सम्मान मिलेगा। इनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही एसएमसी के उन सक्रिय सदस्यों को भी सम्मानित करने को कहा गया है जिन्होंने हर महीने बैठक में प्रतिभाग किया हो और स्कूल की गतिविधियों में सहयोग दिया है। बजट में 1500 रुपये लाउडस्पीकर व कुर्सियों के लिए आवंटित हुए हैं। 2500 रुपये अभिभावकों के जलपान और इतना ही बजट पुरस्कार वितरण की सामग्री के लिए रखा गया है। प्रधानाध्यापकों से कहा गया है कि कार्यक्रम की जियो टैग फोटो प्रेरणा पोर्टल पर अपलोड की जाएं। डायट प्राचार्य, बीएसए, बीएसए, बीईओ, डीसी, एसआरजी व एआरपी कार्यक्रमों का अनुश्रवण करेंगे।

## नगर बाईपास व्यापार मंडल के अध्यक्ष बने आनंदभान

फर्रुखाबाद। नगर उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट द्वारा होटल आनंद पैलेस रेलवे रोड में बाई पास उद्योग व्यापार मंडल का गठन किया गया।

कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष हाजी मो. इख़लाक खान ने बाई पास उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट का अध्यक्ष आनंदभान शाक्य को व महामंत्री पुष्पेन्द्र राजपूत तथा कोषाध्यक्ष आशीष शाक्य बनाया। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर नए दायित्व की बधाई दी। नगर अध्यक्ष ने नव मनोनीत पदाधिकारियों से व्यापारियों के हित में काम करने की अपील की। जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू गौतम, नगर संरक्षक आनंद प्रकाश मुन्ना गुप्ता, नगर महामंत्री राकेश सक्सेना, नगर संयुक्त महामंत्री राम जी पाठक, नगर युवा अध्यक्ष अंकुर श्रीवास्तव, जिला महिला अध्यक्ष सोनी शुक्ला, नगर उद्योग मंच अध्यक्ष अरुण अग्निहोत्री, अंगूरी बाग अध्यक्ष डॉ0 महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, मंत्री आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सड़क हादसे में युवक घायल, मेडिकल कॉलेज रेफर

छिबरामऊ। थाना विशुनगढ़ के अंतर्गत ग्राम अलनापुर के रहने वाले एक युवक को तेज रफ्तार ओमनी कार ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम अलनापुर निवासी रतन (22 वर्ष) पुत्र रामसरन, अपने चाचा रघुवीर के साथ भतीजी दिव्या की वरीक्षा (तिलक) के सिलसिले में बाइक से ग्राम गोकुलपुर, किसनी जा रहे थे। विशुनगढ़ मार्केट में सामान खरीदते समय पीछे से आ रही एक अनियंत्रित ओमनी गाड़ी ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। रतन के परिजनों ने उन्हें 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद, रतन की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तिर्वा मेडिकल कॉलेज, कन्नौज रेफर कर दिया है।

### सड़क हादसे में युवक घायल, हालत गंभीर

कायमगंज। कंपिल थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक सड़क हादसे में 38 वर्षीय आदेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए ।कंपिल-कायमगंज मार्ग पर सूत मिल के पास एक अज्ञात बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए। सिकंदरपुर खास गांव निवासी आदेश कुमार कंपिल कस्बे जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आदेश गंभीर रूप से लहूलुहान हो गए। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस द्वारा आदेश को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया जिला अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। आदेश कायमगंज कस्बे में एक व्यवसायी के यहां मुनीम का कार्य करते हैं। घटना की जानकारी मिलने पर उन

### काली नदी में दिखा मगरमच्छ, हड़कंप

फर्रुखाबाद। कमालगंज ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत दरौरा के गांव विन्जी के पास काली नदी में शुक्रवार को एक विशाल मगरमच्छ देखा गया। मगरमच्छ दिखने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया और दहशत फैल गई ।मगरमच्छ को नदी के किनारे पानी में देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। आसपास के लोग मगरमच्छ को देखकर भयभीत हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि काली नदी में अक्सर मगरमच्छ दिखाई देते रहते हैं। इससे नदी किनारे खेतों पर काम करने वाले किसानों और पशु चराने वालों में हमेशा डर का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों ने बताया कि मगरमच्छ दिखने की सूचना कई बार प्रशासन को दी गई है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने और मगरमच्छ को पकडक़र सुरक्षित स्थान पर छोडऩे की मांग की है।

### महिला ने कीटनाशक पदार्थ का किया सेवन

फर्रुखाबाद। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव गंधिया में घरेलू कलह के चलते एक महिला ने कीटनाशक पदार्थ का सेवन कर लिया। 28 वर्षीय शिवानी की हालत गंभीर होने पर उसे फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल रेफर किया गया है। गुरुवार रात्रि शिवानी की अपने पति अर्जुन से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह गुमसुम होकर कमरे में चली गई और घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया।

### डीएम ने कार्यालय में सुनीं जनशिकायतें

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में प्राप्त जन सामान्य की शिकायतों को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल संज्ञान लिया और प्राथमिकता के आधार पर उनकी गहन समीक्षा की। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का शीघ्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम जनता को समय पर राहत मिल सके ।जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें प्राप्त शिकायतों के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## अमोलर में दो पक्षों में मारपीट, तमंचा लहराया

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। तालग्राम थाना क्षेत्र के अमोलर गांव में गुरुवार की शाम को दो पक्षों के बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। इस दौरान तमंचा लहराने व फायरिंग करने का भी का आरोप लगाया गया। यही नहीं मकान की छत पर तमंचा लहराते एक युवक का वीडियो भी वायरल हुआ है। अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों से छह लोगों को हिरासत में लिया है। मामले में पुलिस फायरिंग व तमंचा लहराने की बात से इंकार कर रही है।

अमोलर गांव में दो पक्षों के बीच बीते वर्षविवाद हुआ था। इसी के चलते रंजिश चली आ रही है। दोवारा विवाद रास्ते से वाहन निकालने को फिर भड़क उठा। दोनों पक्षों में पहले गाली गलौज हुई फिर मारपीट होने लगी। आरोप है कि एक पक्ष के युवक ने मकान की छत पर पहुंच कर फायरिंग करते हुए तमंचा लहराया। दूसरे पक्षको जान से मारदेने की धमकी दी। मारपीट व फायरिंग के इस मामले में पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए गांव पहुंच कर मौके से दोनों पक्षों के छह लोगों को हिरासत में ले लिया। इनमें अजय पुत्र देवपाल, हरि कठेरिया पुत्र मुन्नू, महेश चंद्र पुत्र प्रहलाद, धीरज पुत्र महेश चंद्र, अरुण पुत्र नंद किशोर और राहुल पुत्र अमर सिंह हैं। पुलिस ने इन सभी के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच जारी है।

- पुलिस ने दोनों पक्षों से 06 लोगों को हिरासत में लिया है

## बजरंगबली मंदिर भूमि पर किया गया कब्जा हटवाने की मांग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। भवानीपुर में बजरंगबली मंदिर की भूमि पर किया गया कब्जा। भारतीय किसान यूनियन हिदुस्तान ने मामले की शिकायत डीएम से की। उक्त भूमि पर धर्मिक आयोजन के लिये विकास कराने की मांग की।

भारतीय किसान यूनियन हिंदुस्तान के जिलाध्यक्ष नसरत खां व युवा जिलाध्यक्ष सलमान की अगुवाई में किसान शुक्रवार को कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां उन्होंने प्रदर्शन किया। कहा कि भवानीपुर पोस्ट मोहनपुर रतनपुर गांव में बजरंगबली मंदिर की जगह पर लोगों ने कब्जा कर निर्माण कर लिया है। यह मंदिर संयोगिता मार्ग पर स्थित है। उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया। शिकायत पर लेखपाल मौके पर पहुंचे और उन्होंने उक्त लोगों से मिल कर उक्त भूमि पर निर्माण करा दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त भूमि पर बाउंड्री बनवाई जाये। जिससे उक्त धार्मिक स्थल पर गांव के लोग कार्यक्रम कर सकें। ग्रामीणों ने उक्त भूमि की पैमाइस कपराने की मांग की है। इस मौके पर छोटे भइया, अमित, राकेश, लक्ष्मण, विनोद, वृजेश, जसवीर, पुष्पेंद्र, सुखदेव, मदनपाल, बबलू, रामरहीश, दीपक कुमार, राम शरन, प्रमोद, राजेंद्र कुमार, लाला समेत कई महिलायें भी मौजूद रहीं।


कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान नेता व अन्य। अमृत विचार

## रमजान के तीसरे जुमे पर अमन-शांति की दुआएं

संवाददाता छिबरामऊ

अमृत विचार। रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण ढंग से अदा की गई। नमाजियों ने देश और दुनिया में अमन, शांति के लिए खुलकर दुआएं मांगीं।

मालूम हो कि रमजान उल मुबारक का दूसरा अशरा चल रहा है और रमज़ान का तीसरा जुमा संपन्न हुआ। जुमे की नमाज को लेकर मस्जिदों में अजान होने से पहले ही बड़ी तादाद में लोग पहुंचने लगे।

नमाज के वक्त मस्जिदों के आसपास, बाहर के इलाकों, सार्वजनिक स्थलों और प्रमुख चौराहों पर पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और नमाज सुकून से पूरी हो सके।


नमाज अदा करते समुदाय के लोग। अमृत विचार

## गंगा का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीण चिन्तित

फर्रुखाबाद। भोजपुर गंगा घाट पर शुक्रवार को गंगा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। इससे घाट के आसपास रहने वाले लोगों में चिंता का माहौल है। सुबह के समय स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं ने देखा कि गंगा का पानी सामान्य स्तर से ऊपर उठकर घाट की ओर बढ़ रहा है।

स्थानीय निवासियों शान मोहम्मद, जयवीर, तुलाराम और ओमवीर ने बताया कि अचानक जलस्तर बढ़ने के कारण घाट किनारे आने-जाने वाले लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। फिलहाल किसी प्रकार की जनहानि या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है, लेकिन बढ़ते जलस्तर को देखते हुए लोग सतर्क हो गए हैं। गंगा घाट पर मौजूद श्रद्धालुओं ने यह भी बताया कि पानी का बहाव पहले की तुलना में तेज हो गया है।

## सरकारी अभिलेखों में मृत रामादेवी फिर हुई जीवित!

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी के सख्त निर्देश के बाद सरकारी अभिलेखों में मृत घोषित की गई वृद्ध महिला रामादेवी को आखिरकार जीवित मान लिया गया है।

मामला ब्लॉक बढ़पुर के ग्राम कीरतपुर का है, जहां की 75 वर्षीय रामादेवी पत्नी स्वर्गीय प्रेमसागर बाथम को पहले निराश्रित विधवा पेंशन मिल रही थी। लेकिन तत्कालीन ग्राम सचिव अंजलि श्रीवास्तव की रिपोर्ट के आधार पर सरकारी अभिलेखों में उन्हें मृत दर्ज कर दिया गया। जबकि रामादेवी वास्तव में जीवित थीं। इसके चलते उनकी पेंशन बंद हो गई और उन्हें सरकारी योजना से वंचित होना पड़ा। इस समस्या को लेकर रामादेवी वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी अशोक कटियार के साथ जिलाधिकारी से मिलीं। जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी को तत्काल फोन कर कार्रवाई के निर्देश दिए ।जिलाधिकारी के निर्देश के बाद जिला प्रोबेशन अधिकारी ने रामादेवी के जीवित होने की आख्या तैयार कर निदेशक समाज कल्याण को भेज दी, जिससे उनकी पेंशन दोबारा शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है।


जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर रामादेवी

## किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

कायमगंज। संदिग्ध परिस्थितियों में कोतवाली क्षेत्र के गांव अताईपुर कोहना में किशोरी रितु (17) ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

बताया जा रहा है कि घटना के समय किशोरी की मां घर पर नहीं थीं। वह गांव में एक होली मिलन कार्यक्रम में गई हुई थीं। इसी दौरान रितु ने अपने घर के कमरे में दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। सहेलियों ने जब शव लटके देखा तो उनकी चीख निकल गयी। तत्काल सूचना मां को दी गयी। तत्काल रितु को फंदे से उतारा, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी ।मृतक किशोरी के तीन भाई सूरज, विशाल और रवि तथा एक छोटी बहन रिया है। क्राइम इंचार्ज सुरजीत सिंह ने बताया कि पुलिस को अभी तक इस मामले की कोई जानकारी नहीं मिली है। सूचना प्राप्त होने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## मोहम्मदाबाद क्षेत्र में महिला ने फांसी लगाकर दी जान,कोहराम

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शेखपुर में गुरुवार-शुक्रवार की रात्रि लगभग दो बजे एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम शेखपुर निवासी अनीस की 25 वर्षीय पत्नी जूली गुरुवार-शुक्रवार की रात अपनी सास और चचिया सास के साथ घर में होली के त्योहार को लेकर गुझिया बना रही थी। इसके बाद वह अपने कमरे में चली गई और पति के साथ भोजन कर सो गई। रात्रि लगभग 2 बजे उसने कमरे में छत के पंखे के कड़े में साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। इसी दौरान साड़ी खुल जाने से वह नीचे बिस्तर पर गिर गई, जिससे पति अनीस की नींद खुल गई। परिजन आनन-फानन में उसे एक निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया।


पति के साथ जूली की फाइल फोटो।

घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला तथा चौकी प्रभारी लक्ष्मण सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। बाद में क्षेत्राधिकारी (डीएसपी) अजय वर्मा व मजिस्ट्रेट सन्नी कन्नौजिया भी मौके पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

मजिस्ट्रेट सन्नी कन्नौजिया की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। बताया गया है कि जूली की शादी 15 फरवरी 2023 को हुई थी। उसके दो वर्ष का एक पुत्र और आठ माह की एक पुत्री है। घटना के बाद सास शशिकला का रो-रोकर बुरा हाल है।

मृतका के भाइयों सन्नी, राहुल और शिवम ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट होने की भी बात सामने आई है। क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा ने बताया कि सूचना पर पुलिस ने सूचना दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

माह-ए -रमजान | जुमे की नमाज में देश में अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी

## कड़ी सुरक्षा के बीच हुई तीसरे जुमे की नमाज

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पवित्र रमजान माह के तीसरे जुमे की नमाज शुक्रवार को नगर की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत और सम्मान के साथ अदा की गई। नमाज को लेकर प्रशासन की ओर से कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए थे।

शुक्रवार को रमजान का 16वां रोजा होने के कारण तीसरे जुमे का विशेष महत्व रहा। सुबह फज्र की नमाज के बाद से ही रोजेदार जुमे की नमाज की तैयारियों में जुट गए थे। मुस्लिम समाज के लोग साफ-सुथरे कपड़े पहनकर मस्जिदों की ओर जाने की तैयारी करते नजर आए। वहीं कई घरों में महिलाओं ने भी इबादत कर अल्लाह से मुल्क में अमन-चैन, तरक्की और खुशहाली की दुआएं मांगीं। जुमे की नमाज को लेकर शहर की प्रमुख मस्जिदों के आसपास सुबह से ही चहल-पहल शुरू हो गई थी। जैसे-जैसे नमाज का समय नजदीक आता गया, वैसे-वैसे नमाजियों की भीड़ मस्जिदों की ओर बढ़ने लगी। मुस्लिम बहुल मोहल्लों में विशेष रौनक देखने को मिली और बच्चे-बुजुर्ग सभी नमाज के लिए तैयार होकर मस्जिदों की ओर जाते नजर आए।



नमाज अता करते रोजेदार। अमृत विचार

सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय और शहर कोतवाल दर्शन सिंह की निगरानी में शहर की प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था। संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी गई, जिससे नमाज शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। नमाज के दौरान इमामों ने रोजेदारों को रमजान की अहमियत बताते हुए भाईचारे, सद्भाव और एकता का संदेश दिया। नमाज के अंत में देश और समाज की खुशहाली के लिए विशेष दुआएं की गईं।

## बाइक फिसलने से दो युवक घायल

अमृतपुर। थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात एक सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए।

गुरुवार रात करीब 10.30 बजे राहुल (28) पुत्र रविमन दुबे और पन्नू उर्फ कमल (30) पुत्र सुनील कुमार दुबे अपनी मोटरसाइकिल से कहीं जा रहे थे। ये दोनों ग्राम काकड़, थाना मिर्जापुर के निवासी हैं। अमृतपुर थाना के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे दोनों सडक़ पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक फिसलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर ले जाया गया।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

## ई-रिक्शा की टक्कर से बालक की मौत, कोहराम

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। कंपिल थाना क्षेत्र के गांव रायपुर चिनघटपुर में शुक्रवार सुबह 0.30 बजे सड़क पार करते समय एक ई-रिक्शा की टक्कर से 5 वर्षीय मासूम बच्चे अर्जुन की मौत हो गई।

परिजनों के अनुसार, अर्जुन अपने दूसरे घर से वापस अपने घर आ रहा था। जैसे ही वह सड़क पार कर किनारे पहुंचा, कंपिल की ओर से अटैना घाट की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा का पहिया मासूम के ऊपर से गुजर गया और वाहन पलट गया। घटनास्थल पर तुरंत अफरा-तफरी मच गई। परिजन गंभीर रूप से घायल बच्चे को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज ले जा रहे थे, लेकिन अर्जुन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक अर्जुन अपने पिता तेजसिंह का पुत्र था और अपने चार भाइयों में सबसे बड़ा था। उसके अन्य भाइयों के नाम मोदी और भूमिपाल हैं, साथ ही एक और छोटा भाई भी है।

परिवार में इस घटना के बाद शोक का माहौल है। पुलिस ने घटना की सूचना मिलते ही ई-रिक्शा को अपने कब्जे में ले लिया है। थानाध्यक्ष नितिन कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि तहरीर मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### बीएलओ ने घर घर से फार्म 6 एकत्रित किए

**महेवा।** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के तहत आज आखिरी मौके पर शुक्रवार को बूथ लेवल अधिकारी घर घर जाकर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले लोगों का फॉर्म 6 इकठ्ठा किए। वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 जमा करने की अंतिम तिथि 6 मार्च तय की गई थी। इसी क्रम में लोकमान्य रूरल इंटर कॉलेज महेवा के बूथ संख्या275, 276,277 एवं 278 के बीएलओ प्रवक्ता शिव शंकर यादव, संजीव तिवारी, सर्वेश कुमारी, सुधा देवी ने घर घर जाकर लोगों से फॉर्म 6 जमा किया एवं जमा किए गए फॉर्मो को ऑनलाइन भी किया। इसी क्रम में प्राथमिक स्कूल भवानीपुर में बी एल ओ अजय कुमार ने बैठकर फार्म एकत्रित किए तथा उन्हें ऑनलाइन किया।

### बाजार गई किशोरी हुई लापता, रिपोर्ट दर्ज

**भरथना।** कस्बा के एक मोहल्ले निवासी पीड़ित पिता ने थाना भरथना पर मामला दर्ज कराते हुए अपने ही मोहल्ले के नीतीश पर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि मेरी 15 वर्षीय बेटी घर से बाजार की बात कहकर घर से निकली थी। काफी देर तक जब वापस नहीं लौटी तो उसकी खोजबीन शुरू की। तभी ज्ञात हुआ कि मोहल्ले का ही नामजद युवक ने मेरी बेटी को बहला फुसलाकर कहीं गायब कर दिया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर पीटा

**भरथना।** थाना क्षेत्र के एक गांव में आठ नामजदों ने मिलकर घर में घुसकर दंपती तथा बच्चों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। थाना क्षेत्र के गांव सतनूपुर साम्हों निवासी राकेश पुत्र सुरेश चंद्र ने अपने ही गांव के रविन्द्र, राजकुमार, रिंकू, लक्ष्मीकांत, गीतम, दीपचंद तथा ऋषभ पर मामला दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि नामजद एकराय होकर घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मेरी पत्नी और बेटी के साथ भी मारपीट की। पीड़ित की तहरीर पर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक की हरकतों से ग्रामीण परेशान

**भरथना।** थाना क्षेत्र के नगला निरपत, मौजा सहजपुर ज्ञानपुर गांव के ग्रामीणों ने एक युवक की कथित हरकतों से परेशान होकर पुलिस से शिकायत की है। ग्रामीणों ने थाना भरथना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने थाना पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया है कि गांव निवासी एक नामजद आए दिन गांव में कपड़े उतारकर घूमता है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उसे ऐसा करने से मना किया जाता है तो वह गाली-गलौज करने लगता है और गांव वालों को धमकी देता है।

### परशुराम सेवा समिति का होली मिलन कल

**इकदिल।** परशुराम सेवा समिति का होली मिलन समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन 8 मार्च दिन रविवार को प्रातः 9 बजे से श्री एसआरएलटी कॉलेज इकदिल में किया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए परशुराम सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील सम्राट व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार द्विवेदी, जयशिव मिश्रा ने बताया कि होली मिलन एवं काव्य गोष्ठी के अलावा औरैया जनपद के पदाधिकारी भी भाग लेंगे। उन्होंने परशुराम सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों व सदस्यों से कार्यक्रम में निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# दिशा की बैठक में सासंद ने जल निगम के कामों पर जताई नाराजगी

## सांसद ने बैठक में की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा, खुदी सड़कें बनवाने के निर्देश दिये

कार्यालय संवाददाता इटावा



बैठक में योजनाओं की समीक्षा करते सांसद जितेंद दोहरे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति (दिशा) की बैठक सांसद जितेन्द्र कुमार दोहरे की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सांसद ने योजनाओं के संचालन एवं विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने सर्वप्रथम मनरेगा, एनआरएलएम दीन दयाल अंत्योदय योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता समेत सभी योजनाओं की समीक्षा की।

कृषि विभाग योजना के अंतर्गत उप निदेशक कृषि द्वारा बताया गया कि फसल बीमा योजना में जांच कराकर भुगतान कराया जाता है, जिसपर सांसद द्वारा बताया गया कि ब्लॉक वार बीज वितरण किया जाए एवं इसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। विधायक भरथना द्वारा एडीपीआरओ को अवगत कराया गया कि सफाई कर्मी द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई नहीं की जा रही है। सांसद ने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जलजीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में कितनी टंकिया बनाई गईं है, जिसकी ब्लॉक वाइस सूची उपलब्ध करा दें। जल निगम के कार्य को लेकर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की एवं जल निगम द्वारा जो भी सड़के बनाई गई हैं वो उखड़ी पड़ी हुई हैं, उनमें से कितनी सड़कों की मरम्मत कराई गई इसकी सूची दो दिन के अंदर उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि टीवी रोगियों को पोषण किट जनप्रतिनिधिगण द्वारा बटवाई जाए साथ ही एमओआईसी बसरेहर विकास सचान द्वारा अक्सर बाहर की दवा लिखी जाती है, इसकी जांच अवश्य कराई जाए। उन्होंने कहा कि डॉ. श्रीनिवास की जांच की जाए एवं इनका तबादला किया जाए। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु कमेटी बनाई जाए एवं सीएचसी पर कितने लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड द्वारा लाभ दिया जा रहा है उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। सांसद ने एआरटीओ को निर्देश दिये कि ओवरलोड वाहनों पर रोक लगाई जाए। उन्होंने खनन अधिकारी को निर्देश दिये कि परिवहन विभाग के साथ टीम बनाकर कार्य किया जाए एवं ओवरलोडिंग वाहन पर रोक लगाई जाए।

बैठक में विधायक भरथना राघवेंद्र गौतम, सदर विधायक प्रतिनिधि हरिनारायण बाजपेई, विधायक जसवन्तनगर प्रतिनिधि ध्रुव यादव, रामगोपाल के प्रतिनिधि गोपाल यादव, जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम, सामाजिक निदेशक वानिकी विकास नायक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बृजेन्द्र कुमार जिला विकास अधिकारी राकेश कुमार सहित अन्य समस्त जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने प्रदर्शित किया मशरूम मॉड्यूल

**बकेवर।** जनता कॉलेज के बीएससी (कृषि) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने डॉ. मनोज कुमार यादव के दिशा निर्देश में औस्टर मशरूम का मॉड्यूल तैयार कर किसान सहायता केंद्र व शस्य विज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. एमपी सिंह एवं कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के समक्ष प्रदर्शन किया। मशरूम मॉड्यूल तैयार करने में तकनीकी सलाह शैलेंद्र कुमार मूर्तिकार ने दी। विद्यार्थियों ने कम खर्चे में अधिक आमदनी प्राप्त करने का मॉड्यूल तैयार कर क्षेत्रीय किसानों को यह संदेश दिया है कि किसान भाई कम से कम स्थान में, कम से कम खर्चे में अधिक से अधिक आय प्राप्त कर सकते हैं। ऑस्टर मशरूम बटन मशरूम की अपेक्षा अधिक न्यूट्रिअस होता है तथा स्वादिष्ट भी अधिक होता है। बाजार में अपेक्षाकृत अधिक कीमत प्राप्त होती है। जनता कॉलेज बकेवर में आए दिन नए-नए अनुसंधान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के द्वारा किए जाते हैं उसी क्रम में इस नवीनतम मॉड्यूल के माध्यम से किसानों को अधिक आय प्राप्त करने का संदेश दिया गया जिसमें कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी, डॉ. एमपी सिंह और बीएससी कृषि अंतिम वर्ष के विद्यार्थी जिन्होंने मॉड्यूल तैयार किया उपस्थित रहे।

# मारपीट से आहत युवक ने खाया जहर, भर्ती

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के कस्बा लखना के मुहाल भिटारी में होली त्योहार के दिन दो युवकों को नामजद आरोपियों के द्वारा फूलबाग मैदान में लाठी डन्डों से मारपीट व थाने में दर्ज कराये गये मामले के बाद आरोपियों ने पीड़ित युवक को फिर से जान से मारने की धमकी दी। इस धमकी से आहत होकर 23 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया बेटे की हालत बिगड़ते देख परिजन युवक को इलाज के बकेवर 50 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे।

कस्बा लखना के भिटारी मुहाल निवासी राजू कुशवाहा ने बताया कि उसके बेटे अनमोल तथा उसके मित्र को कस्बा लखना के नामजद आरोपियों के द्वारा फूलबाग मैदान में मारपीट की गयी थी जिस पर एक युवक का सिर भी फट गया था, जिसमें चार आरोपियों के विरुद्ध मामला बकेवर थाने में शिवम कुशवाहा ने दर्ज कराया था। इससे बौखलाकर उक्त आरोपियों के द्वारा मेरे बेटे को लगातार जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं। इसी से आहत होकर शुक्रवार की सुबह करीब 9 बजे सब्जी की फसल में डालने वाला कीटनाशक का मेरे बेटे अनमोल ने सेवन कर लिया, जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। चिकित्सक ने बताया कि युवक की हालत में सुधार है।

### किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

**इटावा।** इकिदल थाना क्षेत्र के गांव कराही पुरा में शुक्रवार को एक किशोरी ने किसी बात को लेकर अपने घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। उक्त गांव निवासी नितिन कुमार की 16 वर्षीय बेटी अपने घर पर थी। उसकी मां जिला अस्पताल में भर्ती भाई के पास गई थी तभी किशोरी ने कमरे में फांसी लगा ली। जब किशोरी के बाबा घर के अंदर गए तो उसे फंदे पर लटके देखा। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग आए और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि छात्रा इंटर की परीक्षा दे रही थी। किशोरी ने फांसी क्यो लगाई इसके कारणों का पता नही चल सका। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में युवाओं की भूमिका अहम : चंद्रा

कार्यालय संवाददाता इटावा



उप निदेशक के कार्यक्रम में पहुंचे युवक-युवतियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम विभाग माय भारत के तीन विकास खंड बढ़पुरा, महेवा और चकरनगर युवा मंडल विकास अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में युवाओं को संगठित कर उन्हें सरकारी योजनाओं से जोड़ना और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना है।

इस मौके पर माय भारत इटावा की उपनिदेशक सोनिका चंद्रा ने बताया कि युवा कार्यक्रम विभाग की योजनाओं को ग्रामीण स्तर पर प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए युवा मंडलों का सक्रिय और सशक्त होना आवश्यक है। इसी उद्देश्य से युवा मंडल विकास अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि माय भारत युवा मंडल की कार्यकारिणी में 15 से 29 वर्ष आयु के युवक, युवतियां पदाधिकारी या सदस्य के रूप में शामिल हो सकते हैं। एक युवा मंडल में कुल 50 पदाधिकारी और पंद्रह सदस्य होना अनिवार्य है। किसी भी युवा मंडल को माय भारत से संबद्ध तभी माना जाएग, जब उसका पंजीकरण माय भारत पोर्टल पर किया गया हो। कुंडेश्वर धाम के हॉल में विकास खंड बढ़पुरा के नवगठित माय भारत युवा मंडलों की बैठक की गई। बैठक में उपनिदेशक माय भारत सोनिका चंद्रा ने सभी नवगठित युवा मंडलों को माय भारत के उद्देश्यों और योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि माय भारत की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने तथा विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर जन जागरूकता फैलाने में युवा मंडलों की महत्वपूर्ण भूमिका है। संचालन मां सती देवी यूथ ब्रिगेड बरौली के अध्यक्ष नमन ने किया युवा मंडल कामेत, धमना, कुण्डेश्वर, अवारी, उदी ,बढ़पुरा, बरौली, जैतपुरा मनकापुरा के अध्यक्ष व सचिव माय भारत के लेखा, कार्यक्रम पर्यवेक्षक श्रवण कुमार बाथम उपस्थित रहे।

# युवक की मौत पर जिला अस्पताल में काटा हंगामा

कार्यालय संवाददाता इटावा



इमरजेंसी में हंगामा करते लोग व युवक की फाइल फोटो। अमृत विचार

- इमरजेंसी के डॉक्टरों पर लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

**अमृत विचार।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अंतर्गत सराय दयानत में एक परिवार की होली उस समय मातम में बदल गई जब घर के अंदर सीढ़ियों से गिरकर घायल हुए किसान की जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने डॉक्टरों और अस्पताल स्टाफ पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के सराय दयानत निवासी दिनेश पाल 45 वर्ष पुत्र महाराज सिंह अपने घर के अंदर सीढ़ियों से गिर गए और सिर में गंभीर चोट आई। परिवार के लोगों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल ले गये। डॉक्टरों और स्टाफ ने प्राथमिक उपचार शुरू किया लेकिन कुछ देर बाद उसकी हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान ही मौत हो गई। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दिनेश पाल की मौत के बाद तीमारदारों का गुस्सा फूट पड़ा। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों और स्टाफ पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना था कि इलाज में देरी की गई और खाली ऑक्सीजन सिलेंडर लगाने के साथ गलत इंजेक्शन दिए गए जिससे दिनेश की मौत हो गई। हंगामा बढ़ने पर अस्पताल का स्टाफ और नर्स वहां से हट गए। तीमारदारों ने इमरजेंसी के ओटी के अंदर जमकर हंगामा किया और वहां तोड़फोड़ भी की। अस्पताल स्टाफ के अनुसार कुछ सरकारी दस्तावेज भी फाड़ दिए गए। देखते ही देखते करीब एक सैकड़ा लोग इमरजेंसी के बाहर और अंदर इकट्ठा हो गए और लगातार डॉक्टरों के खिलाफ नाराजगी जताते रहे। अस्पताल प्रशासन ने ओटी में हो रहे हंगामे की सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना सिविल लाइन और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने करीब दो घंटे तक परिजनों और तीमारदारों को समझाने की कोशिश की जिसके बाद मामला शांत हो सका। परिजनों ने पुलिस से शव का पैनल से पोस्टमार्टम कराने और डॉक्टर व अस्पताल स्टाफ की भूमिका की जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस के आश्वासन के बाद ही परिजनों ने शव को अस्पताल की मोर्चरी में रखवाने पर सहमति जताई। मृतक के छोटे भाई अतुल पाल ने कहा जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए ताकि भविष्य में किसी मरीज के साथ ऐसा न हो। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर का कहना है कि मरीज को गंभीर हालत में अस्पताल लाया गया था। डॉक्टरों ने तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया और उसकी हालत देखते हुए उसे रेफर करने की तैयारी की जा रही थी तभी इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# शिया समाज ने काली पट्टी बांधकर पढ़ी नमाज, जताया विरोध

कार्यालय संवाददाता इटावा



मस्जिद के बाहर मौजूद पुलिस व अधिकारी। अमृत विचार

- आयतुल्ला खामेनेई को दी गई श्रद्धांजलि

**अमृत विचार।** रमजान उल मुबारक के तीसरे जुमे पर शिया समाज की घटिया अजमत अली स्थित मस्जिद में प्रदर्शन की सूचना पर अधिकारी और भारी संख्या में पुलिस बल मस्जिद के पास पहुंच गया। लेकिन वहां प्रदर्शन का कोई कार्यक्रम नहीं था। शिया समाज ने काली पट्टी बांधकर जुमे की नमाज पढ़ी और खामेनेई को श्रद्धांजलि दी।

शिया समाज ने मौलाना अनवारुल हसन जैदी इमामे जुमा के नेतृत्व में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज घटिया अजमत अली स्थित मस्जिद पंजतनी के पास सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार, सीओ राम गोपाल शर्मा, शहर कोतवाल यशवंत सिंह भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे, इस बीच मौलाना अनवारुल हसन जैदी भी वहां आ गए। मौलाना ने अधिकारियों से कहा यहां कोई प्रदर्शन नही हो रहा है हम लोग ईरान में शहीद हुए आयतुल्ला अली खामनेई को श्रद्धांजलि देने के लिए काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ेंगे। सड़क पर कोई प्रदर्शन नहीं होगा। मौलाना जैदी ने कहा कि क्या मस्जिद के अंदर किसी को श्रद्धांजलि देने पर भी रोक लगेगी। हम लोग तो शांति पूर्ण माहौल में शोक व्यक्त करने आये हैं। इसके बावजूद पुलिस और अधिकारी जब तक नमाज नहीं हो गई मस्जिद के पास ही बैठे रहे। शिया समाज ने काली पट्टी बांधकर शांतिपूर्ण माहौल में जुमे की नमाज अदा की और अमनचैन की दुआ की और ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्ला सैयद अली हुसैनी खामनेई की शहादत पर दुख व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सुन्नी समाज ने शाही मस्जिद नोरंगबाद, सिंग्नल वाली मस्जिद, मस्जिद पंजाबियान कटरा शहाब खां, मस्जिद काली कबरें, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद हिसामुद्दीन, शाही जामा मस्जिद, मस्जिद पक्का तालाब, मस्जिद इस्लामिया बोर्डिंग, मस्जिद अकसा रामगंज ढाल, मस्जिद सराय कटरा सेवा कली, मस्जिद बुलाक़ी, मस्जिद कुरैशियान नया शहर, मस्जिद दरगाह वारसी, मस्जिद कटरा पुर्दल खां, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद रामगंज, मस्जिद पचराहा, मस्जिद शेख जलाल, मस्जिद स्टेशन रोड, मस्जिद गाड़ीपुरा, मस्जिद शाहगंज, मस्जिद जिन्नातों वाली, मस्जिद कचहरी, मस्जिद साबितगंज, मस्जिद मोहल्ला अड़ाड़ स्टेशन रोड, सहित अनेक मस्जिदों में रमजान के तीसरे जुमे की नमाज अदा की।

# मजदूरों के दो गुट आपस में भिड़े, तीन लोग घायल

**बकेवर।** लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम असदपुर में एक ईंट भट्टा पर ईट पथाई का काम करने वाले दो श्रमिकों के गुट आपस में भिड़े जिसमें एक गर्भवती महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। परिजन इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल लेकर पहुंचे वहां से महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गोरेलाल जो कि लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम असदपुर में ईंट भट्टा पर ईटें पथाई का काम परिवार के साथ रहकर करते हैं। गुरुवार की शाम करीब 7 बजे पड़ोस में बिहार प्रान्त के पथेरे की अड्डी है। तो बिजली का तार हिलने से बिजली आ जा रही थी। इसी बात को लेकर दोनों गुटों के बीच विवाद हो गया। इसी पर बिहार प्रान्त के श्रमिकों ने आकर मारपीट कर दी जिस पर मुझे व मेरे ससुर गोरेलाल व पत्नी आशा देवी जो कि गर्भवती थीं। उसकी भी मारपीट कर दी जिस पर मेरे व मेरे ससुर के सिर व हाथ पैर में चोटें आई हैं। वहीं पत्नी के पेट में मार दिया जिससे वह भी घायल हो गयी। वहीं सभी घायल लोग 50 शैय्या अस्पताल बकेवर पहुंचे। यहां पर चिकित्सक डॉ पुष्पेन्द्र कुमार द्वारा सभी घायलों उपचार किया जा रहा है। महिला के गर्भवती होने के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

किया निरीक्षण | कुलपति ने ओपीडी पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना

# सभी ओपीडी के बाहर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगायें

संवाददाता सैफई इटावा



ओपीडी का निरीक्षण करते कुलपति डॉ. अजय सिंह अमृत विचार

- कुलपति ने ओपीडी में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का लिया जायजा, दिये निर्देश

**अमृत विचार।** होली पर्व के उपरांत उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में कुलपति डॉ. अजय सिंह ने शुक्रवार सुबह ओपीडी पहुंचकर मरीजों से संवाद किया और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान कुलपति ने स्वयं मरीजों से बातचीत कर उनके इलाज, पंजीकरण तथा दवाइयों की उपलब्धता से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान कुलपति डॉ. अजय सिंह ने फार्मेसी काउंटर पर जाकर मरीजों से दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मरीजों ने बताया कि उन्हें आवश्यक दवाइयां समय पर उपलब्ध कराई जा रही हैं और इस संबंध में किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। इसके पश्चात कुलपति ने ओपीडी के रजिस्ट्रेशन काउंटर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने त्योहार के बाद बढ़ने वाली मरीजों की संख्या को ध्यान में रखते हुए पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही उन्होंने सभी ओपीडी के बाहर जल्द ही इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाने के भी निर्देश जारी किए, जिससे मरीजों को संबंधित विभागों की जानकारी एवं ओपीडी से जुड़ी आवश्यक सूचनाएं आसानी से मिल सकें।

कुलपति ने इसके बाद ट्रॉमा सेंटर का भी निरीक्षण किया और वहां भर्ती मरीजों का हाल-चाल जाना। उन्होंने उपस्थित चिकित्सकों से मरीजों को दिए जा रहे उपचार, दवाइयों की उपलब्धता तथा आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान उन्होंने ट्रॉमा सेंटर की ड्यूटी रोस्टर व्यवस्था का भी अवलोकन किया और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि मरीजों को चौबीसों घंटे बेहतर और त्वरित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान अस्पताल प्रशासन से जुड़े अधिकारी एवं चिकित्सक भी उपस्थित रहे।

### साइड न देने पर ट्रक चालक से मारपीट

**भरथना।** क्षेत्र में साइड देने को लेकर हुए विवाद में ट्रक चालक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार रेलवे क्रॉसिंग 20बी के पास ट्रक चालक और बाइक सवार युवकों के बीच साइड को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और तीन युवकों ने ट्रक चालक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान कुछ समय के लिए सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और मुख्य मार्ग पर करीब 20 मिनट तक जाम की स्थिति बनी रही। राहगीरों और अन्य वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। घटना के बाद आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। वहीं इस पूरी घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# 250 से अधिक युवा गणितज्ञ हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता इटावा




प्रमाणपत्र के साथ मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** संत विवेकानंद सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में विगत दिनों आयोजित हुए रामानुजम मैथ्स ओलंपियाड में कक्षा 3 से 8 तक के 250 से अधिक प्रतिभाशाली बच्चों को उनकी असाधारण गणितीय क्षमताओं के लिए सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा छात्र-छात्राओं के बीच गणित के प्रति प्रेम और समझ को बढ़ावा देना था।

इस वर्ष के ओलंपियाड में जूनियर कक्षा 6 से कक्षा 8 एवं सब जूनियर वर्ग कक्षा 3 से कक्षा 5 तक के लगभग 900 से अधिक छात्र छात्राओं ने भाग लिया था। मैथ्स ओलंपियाड में बच्चों ने अपनी तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल का प्रदर्शन किया। संस्था के प्रधानाचार्य/निदेशक डॉक्टर आनन्द ने प्रतिभावान 250 छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर उनको सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में बच्चों की उत्साहजनक भागीदारी ने यह साबित कर दिया है कि युवा पीढ़ी में गणित के प्रति गहरी रुचि और प्रतिभा है। उन्होंने यह भी कहा कि गणित केवल संख्याएं नहीं है, यह सोचने और समस्याओं को हल करने का एक तरीका है। मुझे खुशी है कि इतने सारे युवा बच्चे इस यात्रा में शामिल हो रहे हैं। यह प्रोत्साहन युवा बच्चों के दिमागों को गणित और विज्ञान के क्षेत्र में भविष्य की ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करेगा। संस्था के अध्यक्ष डॉक्टर विवेक यादव ने भी विजयी छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रामानुजम मैथ्स ओलंपियाड को सफलता पूर्वक संपन्न कराने में संस्था के वरिष्ठ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं में आकांक्षा राजावत, भावना भारद्वाज, शाजिया रहमान, आलोक सक्सेना, पवन झा, शिवाजी पाल का योगदान रहा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाबा ब्रह्मदेव पर दो दिवसीय रामलीला व मेला कल से

**फफूंद, औरैया।** विकासखंड भाग्यनगर की ग्राम पंचायत कोठीपुर में बाबा ब्रह्मदेव के स्थल पर दिनांक 8 मार्च दिन रविवार व 9 मार्च दिन सोमवार को दो दिवसीय रामलीला व मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें उत्तर भारत के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा रामलीला का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक पंकज कुमार कठेरिया ने कहा की दिन में मेला 12 बजे से व रात्रि 8 :00 बजे से रामलीला का शुभारंभ होगा ।इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण बंटी स्टूडियो के माध्यम से किया जाएगा।

### होली के त्योहार की वापसी पर लगा जाम

**अछल्दा, औरैया।** कस्बे के मुख्य बाजार और चौराहे के पास शुक्रवार को अचानक भीषण जाम लग गया। जाम लगने से दोपहिया, चारपहिया और मालवाहक वाहनों की लंबी कतारें सड़क पर लग गईं। कस्बे में बाजार में सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों के चलते धीरे धीरे जाम लगता चला गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मशक्कत के बाद वाहनों को एक-एक कर निकलवाया। पुलिसकर्मियों ने सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया ।ये जाम फाटक से लेकर नहर बाजार तक वही दूसरी ओर हरीगंज बाजार तक लग गया।

### ग्राम प्रधान को सांप ने डसा, हालत में सुधार

**फफूंद ।** सिम्हारा ग्राम पंचायत के प्रधान राजकुमार सिंह गुरुवार की शाम अपने खेत पर लगे सबमर्सिबल से फसल में पानी लगाने गए थे।इसी दौरान वह खेत में जीन पाइप बिछा रहे थे, तभी घास में छिपे सांप ने उनके हाथ की उंगली में डस लिया।सांप के डसने के कुछ ही देर बाद उनकी तबीयत बिगड़ने लगी । खेत पर मौजूद ग्रामीणों और परिजनों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद एंटी वेनम इंजेक्शन दिया। कुछ समय बाद उनकी हालत में सुधार होने लगा।चिकित्सकों की निगरानी में उपचार के बाद स्थिति सामान्य होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

# किशोरी ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर दी जान

## खेत में दुपट्टे के सहारे आम के पेड़ से लटकी मिली किशोरी

संवाददाता, अजीतमल औरैया



राधिकार।



घटनास्थल की जांच-पड़ताल करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के मंतला भीखेपुर गांव में गुरुवार को एक 14 वर्षीय किशोरी का शव उसके ही खेत में आम के पेड़ से लटका मिला। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका की पहचान राधिका (14) पुत्री गोविंद सिंह के रूप में हुई है। परिजनों के मुताबिक गुरुवार शाम करीब तीन बजे राधिका किसी बात को लेकर घर से निकलकर खेत की ओर चली गई थी। उस समय घर पर उसकी मां डॉली, पिता गोविंद सिंह और छोटा भाई दीपांशु मौजूद थे। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। करीब एक घंटे बाद जब परिजन खेत पहुंचे तो राधिका आम के पेड़ से दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर 112 पीआरबी और अजीतमल कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ललितेश त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ट्रेन की टक्कर से सांड़ की मौत

**अछल्दा औरैया।** दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर शुक्रवार रात एक सांड़ के ट्रेन की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद कुछ देर के लिए अप लाइन पर रेल संचालन प्रभावित रहा। सूचना मिलने पर रेलवे कर्मी मौके पर पहुंचे और ट्रैक से सांड़ के शव को हटाकर लाइन को क्लियर कराया।

शुक्रवार रात करीब 1:32 बजे कानपुर से दिल्ली जा रही श्रम शक्ति एक्सप्रेस जब अछल्दा क्षेत्र में किलोमीटर खंभा संख्या 1116/27 के पास पहुंची, तभी ट्रैक के पास घूम रहा एक सांड़ अचानक पटरी पर आ गया। इससे ट्रेन की जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद लोको पायलट ने तत्परता दिखाते हुए इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को बैशोली गांव के सामने रोक दिया। इसके बाद इंजन की जांच पड़ताल की गई। करीब 10 मिनट तक निरीक्षण करने के बाद ट्रेन को दिल्ली की ओर रवाना कर दिया गया। उधर, ट्रैक पर सांड़ का शव पड़े होने की सूचना मिलने पर रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और शव को हटाकर ट्रैक को साफ कराया। इसके बाद रेल मार्ग पर आवागमन सामान्य हो सका।



कैमरा ठीक करते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

# खराब पड़े सीसीटीवी कैमरे चालू कराये गये

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती के मंगलवार को कस्बा समेत संवेदनशील गौतला, नगला भगत आदि गांव में होली पर्व को लेकर पैदल मार्च के दौरान सरकारी सीसीटीवी कैमरे खराब मिलने के दौरान चालू करवाने के निर्देश थाना प्रभारी पंकज मिश्रा को निर्देश दिए थे।

कस्बा के प्रमुख मार्ग फफूंद रोड नगरिया चौराहा पर सीसीटीवी कैमरे के आसपास झंडा होर्डिंग्स लगे होने के चलते बन्द थे। इसी के चलते झंडा और होर्डिंग्स को हटवा दिया गया , ब्लाक चौराहा पर कैमरे की डीबीडीआर लगा दी गई ,गौतला में कैमरे लाइन तार कटे और डीबीडीआर गायब मिलने पर नई डीबीडीआर और केबिल को लगवाकर सीसीटीवी कैमरे चालू करवा दिए गए हैं। थानाध्यक्ष पंकज मिश्रा ने बताया कि, जहां भी सीसीटीवी कैमरे लगे है उन्हें चेक करवाया जा रहा है और खराब पड़े सीसीटीवी कैमरों को चालू करवाया जा रहा है।

## छात्रा को ले जाने का लगाया आरोप

**रुरुगंज।** रुरुगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव जुगराजपुर निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी को 28 फरवरी की रात करीब 11 बजे गांव के ही रहने वाले रमन ने घर के बाहर बुलाया और अपने साथ ले गया। पीड़िता के अनुसार रात करीब 2 बजे उनकी नींद खुली तो बेटी की चारपाई खाली मिली। इसके बाद उन्होंने अपने पति के साथ मिलकर गांव और आसपास के इलाकों में काफी देर तक बेटी की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लगा। सुबह होने पर उन्होंने अपनी बेटी के मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें रमन का नंबर मिला। इसके बाद उन्होंने उसी नंबर पर फोन कर बेटी के बारे में पूछा और थाने जाने की बात कही। आरोप है कि इस पर रमन ने उन्हें उल्टा धमकी दी। परिजनों का आरोप है कि इसके कुछ समय बाद रमन उनकी बेटी को अछल्दा रोड स्थित रैपिक स्कूल के सामने छोड़कर भाग गया। कुछ देर बाद उन्हें सूचना दी कि उनकी बेटी अछल्दा रोड पर खड़ी है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचीं और अपनी बेटी को सुरक्षित घर ले आईं। घटना के बाद परिजनों में रोष है। परिजनों ने बिधूना थाना पुलिस से मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध की गई जान

**बेला (औरैया)।** थाना बेला क्षेत्र के भवानीपुरवा गांव में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे 55 वर्षीय रघुराज की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने एक व्यापारी पर शराब में कुछ मिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मृतक के परिजनों के अनुसार रघुराज गांव में अकेले रहते थे। देर शाम करीब 6 बजे मृतक की पत्नी धर्मेंद्र नारायण ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि कुछ वर्ष पहले कस्बा बेला के एक व्यापारी ने रघुराज को शराब पिलाकर उनके नाम का एक प्लॉट अपने नाम करवा लिया था। आरोप है कि व्यापारी ने प्लॉट के बकाया पैसे देने से बचने के लिए रघुराज को शराब में कोई जहरीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे उनकी मौत हो गई। परिजनों ने मामले में शव का पोस्टमार्टम कराकर कार्रवाई की मांग की थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने संबंधित व्यापारी को पूछताछ के लिए थाने में बैठा लिया। हालांकि बाद में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नहीं भेजा। बताया गया कि पुलिस द्वारा परिजनों को बकाया पैसे दिलाने का आश्वासन दिया गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो गया। शुक्रवार सुबह गांव में रघुराज का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# मारपीट की घटनाओं में 3 घायल

संवाददाता, कुदरकोट, औरैया

**अमृत विचार।** कुदरकोट थाना क्षेत्र में गुरुवार को मारपीट की दो अलग-अलग घटनाएं सामने आईं। इन घटनाओं में दो युवकों पर हमला किया गया, उनके साथ गाली-गलौज की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। एक मामले में ठेला भी पलट दिया गया, जिससे काफी नुकसान हुआ। दोनों पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

पहली घटना कुदरकोट थाना क्षेत्र के गांव में दोपहर करीब 12 बजे रमनगरिया गांव के निवासी ऋषि कुमार पुत्र रनवीर सिंह के साथ हुई। ऋषि अपनी बहन अंजू देवी के साथ अपने गांव से रुरूगंज अपने भाई के घर जा रहे थे। गांव से लगभग 500 मीटर दूर, रमनगरिया के ही रोहित कुमार, मोहित कुमार, अंशू और लालू (हलवाई) ने उन्हें रोका। आरोप है कि इन चारों ने ऋषि और उनकी बहन के साथ गाली-गलौज की और मारपीट की। हमलावरों ने उन्हें धमकी दी कि यदि उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो उन्हें जान से मार दिया जाएगा। ऋषि कुमार ने इस घटना की सूचना डायल 112 पर दी है।

वहीं दूसरी घटना उसी दिन शाम करीब 4:30 बजे मसूदपुर गांव में हुई। यहां ऋषि कुमार दोहरे पुत्र मुलायम सिंह अपना ठेला लगाए हुए थे। उनके गांव के अभिषेक पुत्र अवधेश, अभिषेक की माता, अवधेश पुत्र राधेश्याम और अक्षय पुत्र मानिकचंद्र उनके ठेले पर आए। शिकायत के अनुसार, इन लोगों ने ऋषि कुमार दोहरे के साथ गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने ऋषि का ठेला पलट दिया, जिससे उन्हें चोटें आईं और काफी आर्थिक नुकसान भी हुआ। हमलावरों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। ऋषि कुमार दोहरे ने भी इस मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को सूचना दी है। कुदरकोट थानाध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद अतिथियों को माला पहनाते आयोजक। अमृत विचार

# होली मिलन समारोह में उड़ा गुलाल

संवाददाता, अछल्दा, औरैया

- विधायक आवास पर हुआ होली मिलन समारोह का आयोजन

**अमृत विचार।** कस्बे के सराय बाजार स्थित विधायक प्रदीप यादव के आवास पर शुक्रवार को होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ फूलों और गुलाल से जमकर होली खेली।

होली मिलन समारोह में सभी लोगों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दीं। इस दौरान आये हुए लोक गायकों ने फाग की सुंदर प्रस्तुति दी। वहीं विधायक प्रदीप यादव ने सभी कार्यकर्ताओं से 2027 में साइकिल को तेज चलाकर सरकार बनाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि हमें अभी से चुनावों की तैयारी में जुट जाना चाहिये। होली मिलन समारोह में जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान राहुल यादव (प्रधान बैसोली), सर्वेश यादव (प्रधान आशा) और मोहन यादव सहित अन्य लोगों ने भी फाग गाकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सर्वेश बाबू गौतम, मुकेश गुप्ता सुभाष यादव (डायरेक्टर), चेयरमैन अरुण दुबे (रिंटू), कप्तान सिंह, प्रमोद यादव , मनोज यादव, नीलू, राकेश यादव, स्मृत पाल और संतोष शास्त्री सहित तमाम लोग मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम में आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया गया।

## कृषि योजनाओं की दी जानकारी

**अछल्दा ।** विकास खंड की ग्राम पंचायत घसारा में शुक्रवार को भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली द्वारा 'एग्रीकल्चर रूरल ट्रांसफॉर्मेशन कार्यक्रम' का वर्चुअल माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के किसानों और महिला कृषकों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती की तकनीकों और सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देना था। इसमें कृषि से जुड़ी नई तकनीकों और विभिन्न सरकारी पहलों पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत के प्रधान समोद यादव की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस दौरान कृषि विभाग के कई अधिकारी भी मौजूद रहे, जिन्होंने किसानों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में विकास खंड अछल्दा के सहायक अधिकारी संतोष, बीज भंडार प्रभारी अरविंद कुमार, सहायक वी.पी. महेंद्र सिंह, तकनीकी सहायक ब्रजबिहारी और श्यामसुंदर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, कोहराम

**औरैया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मनगर मोहल्ले में एक 25 वर्षीय युवक ने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।



जांच-पड़ताल करती पुलिस।

जानकारी के अनुसार ब्रह्मनगर निवासी अभिषेक (25) पुत्र स्वर्गीय दर्शन सिंह बुधवार रात अपने कमरे में सोने के लिए गया था। गुरुवार सुबह जब परिजनों ने उसे आवाज दी और अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर परिजन कमरे में पहुंचे, जहां अभिषेक का शव फंदे से लटका हुआ मिला। यह दृश्य देखकर परिवार में कोहराम मच गया।

घटना की सूचना तत्काल सदर कोतवाली पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और परिजनों की मदद से शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया गया है कि अभिषेक के पिता का पहले ही निधन हो चुका है। परिवार में उसकी एक बहन और एक भाई हैं। पुलिस के अनुसार युवक ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसका अभी तक स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मेरी पुत्री अपराजिता गुप्ता (APARAJITA GUPTA) के जन्म प्रमाण-पत्र में पिता का नाम हरि बाबू गुप्ता अंकित हो गया है, जबकि पिता का सही नाम अतुल गुप्ता (ATUL GUPTA) है। दोनों नाम एक ही व्यक्ति (मेरे) ही हैं। **अतुल गुप्ता पुत्र वेदप्रकाश गुप्ता निवासी मकान नं0-सी-147(1388) धीरजनगर आत्मादपुर सेक्टर 30 नियर जे0के0 पब्लिक स्कूल अमरनगर फरीदाबाद हरियाणा।**

**सूचना**

मैने अपना नाम RAJEEV KUMAR से बदलकर RAJEEV KUMAR VAISH रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-GORAKH NATH R/0-G BLOCK FLAT NO- 701 SRISHTI APPARTMENT JANKIPURAM DIST-LUCKNOW-226021(U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम तैय्यब अली मेरुन निशा (TAYAB ALI MAHRUN NISHA) से बदलकर महरुन निशा (MOHRUN NISHA) रख लिया है। अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **महरुन निशा पत्नी तैयब अली म0 न0-1104 सर्राफा बाजार खख्रेरु फतेहपुर उ0प्र0**

**सूचना**

मेरी पॉलिसी संख्या 219153847 में मेरा नाम हामिदा खातून पुत्री शमीम बानो लिखा है जबकि अन्य सारे कागजात में मेरा नाम मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद लिखा है। मेरी पालिसी संख्या में भी मेरा नाम हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद ही समझा जाए। **हामिदा खातून उर्फ मुस्कान पुत्री अब्दुल फरीद निवासी ग्राम धरमई, अलावल देवरिया जनपद गोंडा**

**सूचना**

मेरे भूखंड 5E-1/PH-3, वृन्दावन योजना, लखनऊ का मूल आवंटन पत्र संख्या: 2067 दिनांक 06-3-2013 जिस पर किसी भी प्रकार का ऋण नहीं लिया गया है, वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध है यदि किसी व्यक्ति / संस्थान को आपत्ति हो तो सूचित करें ।- **सामर्थ अग्रवाल पुत्र प्रदीप कुमार अग्रवाल नि- रो- हाउस, प्लाट न 86, सेक्टर 4, नवी मुंबई, कूपर खारिने, थाने, महाराष्ट्र मो - 9820322714**

**सूचना**

मैने अपना नाम SHADAB AHMED से बदलकर SHADAB AHMAD रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SARFARAZ AHMAD ADD-60, AATIF VIHAR COLONY, OPPOSITE BBD UNIVERSITY, UTTARDHAUNA, DIST-LUCKNOW-226028 (U.P.)

**सूचना**

मैने अपना नाम तैय्यब अली जफर अली (TAYAB ALI JAFAR ALI) से बदलकर तैय्यब अली (TAYAB ALI) रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **तैय्यब अली पुत्र जफर अली मव नव-1104 सर्राफा बाजार खख्रेरु फतेहपुर उ0प्र0**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड नंबर 7937 81 52 2799 में मेरा नाम नंदनी (NANDANI) दर्ज है जो की गलत है शैक्षिक प्रमाण पत्रों में मेरा नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज है जो शुद्ध है इसलिए आधार कार्ड में शुद्ध नाम नन्दिनी (NANDINI) दर्ज किया जाना चाहिए । **नन्दिनी पुत्री श्री मनोज यादव ग्राम व पोस्ट मालीपुर ब्लॉक व तहसील जलालपुर जिला अंबेडकर नगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र का नाम पुष्प मित्र सेन है। जिसे बदलकर अब मैंने देवांश मिश्रा कर दिया है। पुष्प मित्र सेन व देवांश मिश्रा दोनों एक ही हैं। इसलिए अब मेरे पुत्र पुष्प मित्र सेन को देवांश मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जाए। **लालता प्रसाद मिश्रा पुत्र राम अनुज मिश्रा ग्राम व पोस्ट बैरागीजोत, थाना व तहसील भिनगा, जिला श्रावस्ती उत्तर प्रदेश**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नित्यराम पुत्र बच्चू लाल निवासी ग्राम फतेहपुर ककरडिल्ला थाना कोतवाली अकबरपुर जनपद अंबेडकरनगर का स्थाई निवासी हूं। मेरे आधार कार्ड 227613595451 में लिपिकीय त्रुटि बस नीते हो गया है। जबकि मेरा वास्तविक नाम नित्यराम है। मुझे नित्यराम नाम से जाना व पहचाना जाए। मेरे निर्वाचन कार्ड व अन्य अभिलेखों में भी मेरा नाम नित्यराम ही है।


माह रमजान

तीसरा जुमा की नमाज सकुशल संपंन, नमाज के बाद खुशहाली और अमन चैन की मांगी गयीं दुआएं

# जकात निकालने से दौलत महफूज रहती है : मजहर चिश्ती

संवाददाता, फफूंद औरैया



जुमा की नमाज में अमनचैन की दुआ मांगते नमाजी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** पवित्र माह रमजान के तीसरे जुमा की नमाज में नगर की मस्जिदें नमाज़ियों और रोज़ेदारों से भरी दिखाई दी। आम जुमों की अपेक्षा रमज़ान में पड़ने वाले जुमा में मस्जिदों में अधिक भीड़ नज़र आई। नौजवानों, बुजुर्गों से लेकर बच्चों ने भी मस्जिदों में अकीदत के साथ जुमा की नमाज अदा की। नगर की अलग अलग मस्जिद दरगाह पीर बुखारी शाह, मोहल्ला तरीन की मदीना मस्जिद तथा जामा मस्जिद अस्ताना आलिया समदिया में उल्माएकिराम ने रोजा,जकात, तरावीह तथा दूसरे अशरे के बारे में नमाज़ियों को जानकारी दी और जकात निकालने की अपील की।

शुक्रवार को तीसरे जुमा की नमाज़ से पहले जामा मस्जिद आस्तना आलिया में मौलाना सैयद मज़हर मियां चिश्ती ने अपनी तक़रीर में इस महीने में ज्यादा से ज्यादा सदका करने और रमजान का एहतिराम कर ज्यादा से ज्यादा नेकियां कमाने की हिदायत देते हुए रोजा और जकात पर तफसील से जानकारी दी और ज़कात को लेकर लोगों में फैली भ्रांतियों को भी दूर किया। उन्होंने कहा कि जिसे भी अल्लाह ने दौलत से नवाजा है वह लोग जकात निकालने से ना तो परहेज करे ना बेइमानी। ज़कात निकालने से दौलत महफूज रहती है रगाह बुखारी मस्जिद में हाफिज रिजवान चिश्ती ने बयान फरमाते हुए कहा कि जकात निकालने से आपकी दौलत पाक हो जाती है। जब आप जकात निकालते हैं तो आप की दौलत का रखवाला अल्लाह हो जाता है। पीर बुखारी शाह मस्जिद में जुमा की नमाज हाफिज सैयद अब्दुल्लाह मियां चिश्ती ने और जामा आस्ताना आलिया में पेश इमाम कारी अय्यूब चिश्ती ने व मदीना मस्जिद में मुफ्ती मुजीब साहब ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद मस्जिदों में की गई सामूहिक दुआ में मुल्क में खुशहाली और अमन चैन की दुआएं की गईं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज, जनपद-कन्नौज**

पत्रांक- 1118/ न0पा0प0, गुर0गंज / (2025-26) दिनांक: 5/3/2026

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज द्वारा वेबसाइट डेवलपमेंट करने वाली समस्त भिज्ञ एजेंसियों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाए जाने हेतु नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज कन्नौज अंतर्गत पालिका में साफ्टवेयर एवं उसका सब्सक्रिप्शन तैयार किए जाने का कार्य कराया जाना है। जिसकी निविदा समाचार में प्रकाशन की तिथि से लेकर दिनांक 13 मार्च 2026 अपराह्न 2: 00 बजे तक नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। प्राप्त निविदाओं दिनांक 13 मार्च 2026 अपराह्न 3: 00 बजे इच्छुक उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष निविदा समिति द्वारा खोला जायेगा। निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से दिनांक 12 मार्च 2026 अपरान्ह 5: 00 बजे तक नगर पालिका के निर्माण पटल से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी में निहित है। अवकाश होने की स्थिति में उक्त निविदाओं की कार्रवाई अगले कार्य दिवस पर पूर्ण की जाएगी। निविदा के संबंध में नियम व शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में संबंधित निर्माण पटल से प्राप्त की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत है।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | ईएमडी धनराशि | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|
| 1 | डोर टू डोर कलेक्शन, ट्रांसपोर्टेशन, प्रोसेसिंग फैसिलिटी के मोनिटरिंग कार्य हेतु स्कोप के अनुसार RFID टैग की आपूर्ति एवं इंस्टालेशन, मोबाइल ऐप एवं वेब-डैशबोर्ड डेवलपमेंट, सर्वर होस्टिंग एवं डेटा सिक्योरिटी, यूजर ट्रेनिंग (वेस्ट कलेक्टर, सुपरवाइजर), AMC, टेक्निकल सपोर्ट, रिपोर्टिंग एवं कस्टम एनालिटिक्स का कार्य | Rs 50,000.00 | Rs- 500.00 |

(अनिल कुमार) अधिशासी अधिकारी

(मुन्नीदेवी) अध्यक्ष

## न्यूज ब्रीफ

### दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**बिवांर (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के अलग-अलग गांव के दो युवकों के खिलाफ अदालत से वारंट की जारी होने पर पुलिस में गिरफ्तार कर अदालत पेश किया है। जिसमें कस्बा निवासी महेश पुत्र रामकिशोर नामदेव व टीहर गांव निवासी सौरभ पुत्र बृजलाल शामिल है। इनका मुकदमा अदालत में चलने पर हाजिर नहीं हो रहे थे। जिस पर अदालत से वारंट जारी होने पर एसआई अंकित बैसला ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है।

### दो दिन चलेगी कानपुर छतरपुर के मध्य यात्री ट्रेन

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** रेलवे ने एक फेरा यात्री ट्रेन कानपुर से छतरपुर के मध्य चलाने की घोषणा की है। यह ट्रेन कानपुर से शुक्रवार की रात 10:00 बजे चलकर सुबह 6:00 बजे छतरपुर पहुंचेगी। इसी तरह शनिवार को यह ट्रेन शाम को 5:30 बजे छतरपुर से चलकर कानपुर रात 2:15 बजे पहुंचेगी। व्यापार मंडल ने इस ट्रेन को नियमित चलाने की मांग की है। उत्तर मध्य रेलवे झांसी के जनसंपर्क अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि होली पर्व के मद्देनजर भीड़ को देखते हुए। शुक्रवार एवं शनिवार को एक अनारक्षित यात्री गाड़ी चलाने जा रही है। यह ट्रेन कानपुर से चलकर घाटमपुर, हमीरपुर रोड, भरुआ सुमेरपुर, रागौल, खैरार जंक्शन, महोबा, सिंहपुर, खजुराहो, दुरियागंज रुकते हुए छतरपुर पहुंचेगी। इसका संचालन शुक्रवार और शनिवार को होगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू ने इस ट्रेन को नियमित चलाने की मांग की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष का तर्क है कि इस ट्रेन के संचालन से उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश का सीधा जुड़ाव होगा और अति पिछले बुंदेलखंड के विकास और व्यापार को गति मिलेगी।

### बिलौटा व खरौंज गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन हुआ

**कुरारा (हमीरपुर)।** क्षेत्र के बिलौटा व खरौंज गांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर आई चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। क्षेत्र के बिलौटा गांव में खंड विकास अधिकारी मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें रामसेवक व राम सजीवन ने वृद्धा पेंशन न मिलने की शिकायत की। जिस पर उनका ऑनलाइन आवेदन करा कर फॉर्म जमा कराया गया। वही खरौंज गांव में ग्राम पंचायत अधिकारी शिखा मिश्रा की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल में बशीर ने नाली सफाई की शिकायत की। बबलू ने परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने की मांग की। जिस पर दोनों शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस मौके पर कोटेदार आंगनबाड़ी आदि मौजूद रहे।

### दो बाइकों की भिड़ंत दोनों चालक घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थानाक्षेत्र के कुरारा बेरी मार्ग में करिया का डेरा के पास दो बाइकों में भिड़ंत होने से दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद एक घायल की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्र के कुरारा बेरी मार्ग में करिया डेरा के पास बृहस्पतिवार की रात 9:00 बजे दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिससे एक बाइक में सवार रिठारी गांव निवासी प्रद्युम्न (27) पुत्र जय किशन व कस्बा कुरारा निवासी देवनारायण (53) पुत्र मुन्नीलाल गंभीर रूप से घायल हो गए।

# किशोर का शव फंदे से लटका मिला, हत्या का लगाया आरोप

## थानाक्षेत्र के पारा गांव में गुरुवार की शाम से लापता था 14 वर्षीय किशोर

संवाददाता, बिंवार (हमीरपुर)

- फील्ड यूनिट संग पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के पारा गांव में गुरुवार की शाम से लापता 14 वर्षीय बालक का शव उसी के निजी नलकूप की कोठरी में फंदे से लटका मिला। जानकारी मिलने पर परिवार में हड़कंप मच गया। फंदे पर लटके बालक के घुटने जमीन को छू रहे थे। कमरे का दरवाजा भी खुला था। ऐसे में परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मौके पर फील्ड यूनिट संग पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।



हृदेश।

थानाक्षेत्र के कुनेहटा चौकी के पारा गांव निवासी कमल सिंह का चौदह वर्षीय पुत्र हृदेश गुरुवार को शाम 5:00 बजे बकरी चराकर खेतों से वापस आया और होली खेलने निकल गया। होली पर्व होने पर रात में घर वापस नहीं आया। सुबह तक वापस न आने पर खोजबीन करने पर पड़ोस के सुनील ने खेत में बने घर में फांसी में लटके देखा है फोन से सूचना देने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। पिता कमल सिंह ने कुनहेटा चौकी पहुंचकर घटना की जानकारी दी है। मौके पर चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल का कार्य किया है। पिता कमल सिंह ने बताया कि मृतक किशोर गांव के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 8 का छात्र था उसके बाबा दूसरे घर में रहते थे। वह कभी कभार शाम को बाबा के यहां लेट जाता था सुबह बाबा के यहां न मिलने पर खोजबीन की गई तो वह खेत में बने घर में फांसी में लटका हुआ था। पिता ने बताया कि उसका आधा शरीर जमीन में रखा हुआ था। फांसी का फंदा भी ढीला था। एसआई रवीन्द्र कुमार ने बताया कि किशोर ने फांसी लगाई है। शरीर में किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## संदिग्ध परिस्थितियों के चलते महिला ने लगाई फांसी, मौत

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

- मृतका का पुत्र दिल्ली एम्स में है भर्ती

**अमृत विचार।** मुस्करा थाने के ऐंझी गांव में संदिग्ध परिस्थितियों के चलते एक महिला ने अपने पशु बाड़े में रस्सी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार ऐंझी गांव की निवासी चंदा (42) पत्नी जयहिंद ने शुक्रवार को अपने पशु बाड़े में रस्सी के फंदे पर फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जब परिजनों ने चंदा को फांसी के फंदे पर लटकता हुआ देखा तो उनके होश उड़ गए। परिजनों ने बताया कि चंदा अपने पति के साथ खेती किसानी और घरेलू कार्यों में सहयोग कर अपने परिवार की गुजर बसर करती थी। बताया कि चंदा का पुत्र ओपेन्द्र किडनी संबंधी बीमारी के चलते दिल्ली एम्स में भर्ती है। 6 मार्च को उसका ऑपरेशन भी होना था। परिजनों ने बताया कि मृतका का पति जयहिंद भी दिल्ली एम्स में पुत्र की देखरेख में है। बताया कि पुत्र की बीमारी की वजह से ही उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला की मौत पर परिवार में कोहराम मचा हुआ था। मुस्करा इंस्पेक्टर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

## दबंगों ने दो सगे भाइयों पर लाठी डंडों से हमला कर किया लहूलुहान

**बिवांर (हमीरपुर)।** पुत्र के पैदा होने पर डीजे को बजाते हुए खुशी मना रहे दो सगे भाइयों के साथ गांव के तीन युवकों ने अभद्रता करते हुए लाठी डंडों व कुल्हाड़ी से हमला कर घायल कर दिया। घायल युवकों की मां ने आरोपियों के खिलाफ थाना में तहरीर दी है।

थानाक्षेत्र के बिगहना गांव निवासी संता पत्नी बलदेव ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया की बहू के पुत्र के होने पर दरवाजा के बाहर शाम को डीजे को बजाकर परिजन खुशी मना रहे थे। तभी शराब के नशे में गांव के तीन युवक बाबू पुत्र पितमा प्रजापति, देवीदीन पुत्र रामदास, चुन्ना पुत्र जय हिंद अपने हाथ में लाठी डंडा कुल्हाड़ी लिए हुए आकर अभद्रता करने लगे। विरोध किए जाने पर तीनों युवकों ने महिला के पुत्र सुशील दीपक पर लाठी डंडा से मारपीट करते हुए कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। पड़ोसियों रिश्तेदारों की मदद से बाबू के हाथ से कुल्हाड़ी को छीन लिया। इसके बाद तीनों युवक पुत्रों को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। खून से सनी कुल्हाड़ी कुनेहटा चौकी प्रभारी रवींद्र कुमार के सुपुर्द की है। पुलिस ने घायल दोनों भाइयों को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।



एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का शुभारंभ करते सदर विधायक। अमृत विचार

## विधायक ने एकेडमिक हाइट्स स्कूल का किया शुभारंभ

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

- डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने फीता काटकर शुभारंभ किया

**अमृत विचार।** कस्बे के देवगांव मार्ग में सदर विधायक ने एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल का शुभारंभ फीता काटकर किया।

कस्बे के देवगांव मार्ग में राजू गुप्ता फैंसी ने बचपन के एकेडमिक हाइट्स पब्लिक स्कूल की स्थापना की है। शुक्रवार को सदर विधायक डॉ मनोज कुमार प्रजापति ने फीता काटकर शुभारंभ किया और उन्होंने कहा कि यह स्कूल कस्बे में शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। इस विद्यालय के खुलने से बच्चों को बाहर भेजने से मुक्ति मिलेगी और कस्बे में ही अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी। ऐसे स्कूल की कस्बे को जरूरत भी थी। इसके पूर्व चेयरमैन राजू गुप्ता फैंसी और डायरेक्टर सत्या गुप्ता ने विधि विधान के साथ सरस्वती पूजन किया। डायरेक्टर सत्या गुप्ता ने बताया कि यह स्कूल बच्चों को किताब के साथ प्रयोगात्मक शिक्षा भी ग्रहण कराएगा। इससे बच्चों का मानसिक विकास होगा और इस स्कूल में बच्चों को सभी तरह की एक्टिविटी उपलब्ध है। इस मौके पर इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती, तपोभूमि के महंत स्वामी जगन्नाथ महाराज, पूर्व सभासद छुट्टन गुप्ता, अवध किशोर पांडे, रामचंद्र गुप्ता, रज्जन गुप्ता, विनोद यादव, सभासद राधे शुक्ला आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## डॉ.यशवर्धन का सिविल सर्विस में चयन

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बे के ब्रह्मानंद महाविद्यालय के प्राचार्य के पुत्र का यूपीएससी सिविल सर्विस में ऑल इंडिया रैंक 212 आने पर लोगों में खुशी छा गई।



माता पिता के साथ यशवर्धन सिंह। अमृत विचार

कस्बे के अतरौलिया मोहल्ला निवासी प्राचार्य डा.सुरेंद्र सिंह के पुत्र डॉ.यशवर्धन सिंह ने केजीएमयू लखनऊ से एमबीबीएस किया है। डॉ.यशवर्धन का यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 में ऑल इंडिया रैंक 212 रैंक के साथ चयन हो गया। इसके पूर्व भी यशवर्धन सिंह यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा 728 व 571 रैंक के साथ उत्तीर्ण कर चुके हैं। यशवर्धन का प्रथम चयन एमबीबीएस की इंटर्नशिप के दौरान हुआ था। तब से वह प्रत्येक बार सिविल सर्विस का प्री मेंस क्वालीफाई कर लगातार 4 बार सिविल सर्विस का इंटरव्यू दे चुके हैं। गौरतलब है डा.यशवर्धन सिंह ने नीट परीक्षा 2017 आल इंडिया रैंक जनरल कैटेगरी 525, एम्स परीक्षा आल इंडिया रैंक 721 व जिपमर परीक्षा आल इंडिया रैंक 271 के साथ उत्तीर्ण की थी। यशवर्धन के चयन पर घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ था।

## वोट देने से मना करने पर की मारपीट

**बिवांर (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत चुनाव में अपने भाई को वोट देने की बात कहने पर युवक पर गांव के युवक ने अभद्रता करते हुए लाठी से हमला कर दिया।

रामफल पुत्र प्रहलाद प्रजापति ने बताया कि शाम 7:00 बजे करीब दरवाजे के बाहर मिलने आए युवकों के अबीर लगा रहा था। तभी गांव निवासी गोपी पुत्र शंकर नामदेव आकर ग्राम पंचायत के चुनाव में किसको वोट देने की बात को कहने लगा। वह अपने भाई समरथ को वोट दिए जाने की बात के कहने पर अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर लाठी से मारपीट करने लगा। पुलिस जांच कर रही है।

## जान जोखिम में डाल ट्रैक पर बनाई रील

संवाददाता सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** होली पर्व पर एक युवक और युवती ने यमुना साउथ बैंक एवं भरुआ सुमेरपुर रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक पर रील बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया। बाद में कार्यवाही के भय से युवक ने माफीनामा बनाकर सोशल मीडिया में अपलोड किया है। यह रील लोगों के मध्य चर्चा का विषय बनी हुई है।

थानाक्षेत्र के एक गांव के युवक युवती ने भरुआ सुमेरपुर एवं यमुना साउथ बैंक रेलवे स्टेशन के मध्य रेलवे ट्रैक पर एक फिल्मी गाने की धुन पर शराब पीने की एक्टिंग करते हुए रील बनाकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड की थी। रील के वायरल होने के बाद लोगों ने तरह-तरह कमेंट किए थे। इसके बाद सख्त हुई पुलिस ने युवक युवती को कड़ी फटकार लगाई और कार्यवाही की चेतावनी दी। कार्यवाही के भय से युवक ने रील को सोशल मीडिया प्लेटफार्म से हटाकर अपना माफीनामा का वीडियो अपलोड किया है। वायरल रील एवं माफीनामा के वायरल वीडियो की अखबार पुष्टि नहीं करता है। लेकिन जिस तरह से जान जोखिम में डालकर रेलवे ट्रैक में वीडियो बनाया गया है उस पर सभी लोग कमेंट कर रहे हैं कि किस तरह से लोगों पर रील बनाने का भूत सवार है कि अपनी जान की भी परवाह नहीं कर रहे हैं।



रेलवे ट्रैक पर रील बनाते युवक युवती।



होली मिलन समारोह में वकीलों को संबोधित करते सदर विधायक। अमृत विचार

## अधिवक्ता संघ ने जजी परिसर में चेंबर बनाने का ज्ञापन दिया

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार को अधिवक्ता संघ भवन में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पहुंचे सदर विधायक मनोज प्रजापति को अधिवक्ता संघ की ओर से जजी परिसर में अधिवक्ताओं के लिए चेंबर बनाए जाने सहित अन्य समस्याओं का एक मांग पत्र सौंपा।

कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष बृजकिशोर गुप्ता, बार एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र सिंह, महामंत्री अश्विनी प्रजापति, पूर्व अध्यक्ष फूल सिंह कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष ओमप्रकाश द्विवेदी, राम सिंह राजपूत, गोविंद राम द्विवेदी, अनिल शुक्ला, राजेश श्रीवास, गुलाब यादव, महिपाल प्रजापति, अजय कुमार शर्मा, अजय पालीवाल, चंद्र भूषण पाल सहित सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ताओं ने होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लिया। जिला अधिवक्ता संघ के महामंत्री अश्वनी कुमार प्रजापति ने सदर विधायक को एक ज्ञापन सौंप कर जजी परिसर में अधिवक्ताओं के चेंबर बनवाने के साथ अन्य मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया।

## कस्बे के आधा दर्जन स्थानों पर मटकी फोड़ का आयोजन हुआ

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बा में शुक्रवार को आधा दर्जन स्थानों में मटकी फोड़ होली का आयोजन किया गया जिसमें युवाओं की टोलियों ने मानव पिरामिड बनाकर मटकी फोड़ कर पुरस्कार जीते हैं।

कस्बा क्षेत्र के गांवों में सोमवार को होलिका दहन किया गया। इसके तीसरे दिन यानी बुधवार और गुरुवार को कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों की होली व फागों का आनंद लिया है। शुक्रवार को कस्बे में मटकी फोड़ होली का आयोजन किया गया। जिसमें मली कुआं चौराहा, थाना चौराहा, देवी चौराहा, मथुरा मंदिर, मंगी पुरवा और क्योटरा मोहल्ला सहित आधा दर्जन स्थानों पर मटकियां बांधी गई थीं।इनको फोड़ कर इनाम जीतने वाली युवाओं की कई टोलियां मानव पिरामिड बनाकर घंटों तक मटकी फोड़ने का प्रयास करते रहे और अंत में विजेता टीमों ने सफलता हासिल कर ईनाम अपने नाम कर लिया है।

## शराब ठेके के पीछे संदिग्ध हालत में मृत पड़ा मिला युवक, मचा हड़कंप

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

- तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था
- पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है

**अमृत विचार।** कस्बे के चांद थोक का निवासी एक युवक दोपहर में देशी शराब ठेका के पीछे संदिग्ध हालत में पड़ा पाया गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डॉक्टर ने देखने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा और अविवाहित था।

कस्बे के चांद थोक का निवासी प्रशांत उर्फ छोटू गुप्ता (28) शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकला था। दोपहर करीब 12:00 बजे यह बड़ी पुलिया के समीप देशी शराब ठेके के पीछे बेहोशी की हालत में पड़ा पाया गया। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी।

सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस की मदद से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां पर डॉक्टर ने उसे देखने के बाद मृत घोषित कर दिया। मृतक के बड़े भाई पंकज गुप्ता ने बताया कि यह तीन भाइयों में सबसे छोटा था और अविवाहित था। माता-पिता के साथ एक भाई की पूर्व में ही मौत हो चुकी है। बड़े भाई ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया और शव लेकर घर लौट गया।



पीएचसी में रोते बिलखते मृतक के परिजन। अमृत विचार

## हादसे में में अधेड़ सहित तीन घायल

**मौदहा (हमीरपुर)।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में घायल अधेड़ समेत तीन घायलों को लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां तीनों घायलों की हालत नाजुक होने पर उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छिमौली निवासी बाबू खां (50) पुत्र सलीम व सूरज (15) पुत्र लक्ष्मी बुधवार की गुरुवार की शाम कस्बे से बाइक द्वारा अपने गांव जा रहे थे। तभी छिमौली मार्ग पर संतुलन बिगड़ने से वह बाइक समेत सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सक ने दोनों घायलों की हालत नाजुक देख उनका प्राथमिक उपचार कर उन्हें मुख्यालय रेफर कर दिया। उधर बुलंदशहर निवासी विवेक (30) पुत्र राजकुमार भी शुक्रवार की दोपहर एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया। जिसे मुख्यालय रेफर कर दिया गया।

किसान चिंतित | अचानक तापमान बढ़ने से लहलहा रही हरी भरी फसल पड़ने लगी पीली

# तापमान बढ़ने से गेहूं का उत्पादन गिरने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** दिन के साथ रात का तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल असमय पककर तैयार होने लगी है। इससे उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बनने लगी है। जिससे किसान चिंतित नजर आने लगे हैं।

मार्च माह शुरू होते ही तापमान में निरंतर इजाफा हो रहा है। दिन के साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी होने लगी है। अचानक तापमान बढ़ने से गेहूं की लहलहा रही हरी भरी फसलें पीलापन लेने लगी हैं। किसानों के अनुसार यह तापमान में हुए इजाफे का असर है। तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल की कटाई 15 मार्च के बाद शुरू होने के आसार बनने लगे है। जबकि अमूमन गेहूं की कटाई अप्रैल माह में शुरू होती है, लेकिन जिस तरह के हालात बनते जा रहे हैं। उससे गेहूं की कटाई 15 दिन पूर्व शुरू होने का अनुमान है। किसान मानसिंह, उदयभान, इंद्रपाल यादव, नवीन यादव, सुरेश कुमार, धीरेंद्र यादव आदि ने बताया कि दिन में तेज धूप निकलने तथा रात में सर्दी के बजाय गर्मी बढ़ने से गेहूं की उत्पादन क्षमता कम होने की आशंका है। क्योंकि तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल अचानक पीली पड़ने लगी है। इससे लगता है कि फसल 15 दिन पूर्व ही पक कर तैयार हो जाएगी। अगर ऐसा ही हाल बना रहा और तापमान लगातार बढ़ता गया तो तय है कि गेहूं की उत्पादन क्षमता में असर पड़ेगा। क्योंकि इस समय गेहूं को गर्मी की नहीं बल्कि सर्दी की जरूरत है। सर्वाधिक असर पिछैती गेहूं पर पड़ने की संभावना है। अगैती फसल फिलहाल कम प्रभावित होगी। कृषि रक्षा इकाई के तकनीकी सहायक अजीत कुमार शुक्ला के अनुसार बढ़ता हुआ तापमान गेहूं की फसल को अवश्य प्रभावित करेगा। किसानों को गेहूं में 15 दिन के अंदर पानी देने की जरूरत है। इससे काफी हद तक उत्पादन प्रभावित होने से रुकेगा।



खेतों में खड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

## महिला बाइक से उछल कर सड़क पर गिरी, मौत

**राठ (हमीरपुर)।** बाइक पर बैठकर मायके जा रही महिला स्पीड ब्रेकर पर उछली बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन महिला को इलाज के लिए झांसी ले गए। जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया।

बिलरख गांव निवासी रश्मि देवी (36) पति मुन्ना, पुत्री मोना और नातिन अल्या के साथ बाइक से अपने मायके छतरपुर जा रही थी। बहादुरपुरा गांव के पास काली जी के मंदिर के सामने बने स्पीड ब्रेकर पर बाइक असंतुलित हो गई। जिससे बाइक के पीछे बैठी रश्मि देवी उछलकर सड़क पर गिर गईं। परिजन घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे। नाजुक हालत होने पर रश्मि को इलाज के लिए झांसी ले जाया गया। गुरुवार तड़के झांसी मेडिकल कॉलेज में रश्मि देवी की मौत हो गई।

# सिपाही पर मारपीट करने का आरोप लगाया, थाने में तहरीर दी

संवाददाता, सरीला (हमीरपुर)

- उप जिला मजिस्ट्रेट व सीओ ने मौके पर आकर मुआयना किया

**अमृत विचार।** जलालपुर थानाक्षेत्र के भेड़ी डांडा गांव निवासी महिला ने यूपी 112 के सिपाही पर पति के साथ मारपीट करने व उसके साथ अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।

भेड़ी डांडा गांव निवासी एक महिला ने थाने में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि गांव की रूपरानी बुधवार को दरवाजे के सामने कूड़ा डालने लगी। मना करने पर रूपरानी व उसका पति लड़ने पर आमादा हो गया। जिस पर यूपी 112 पर सूचना दी। पीड़िता का आरोप है कि सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस टीम में तैनात कांस्टेबल रामवीर ने किसी प्रकार का समझौता न करा कर उल्टा पीड़िता के पति को गाली गलौज करके फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर चला गया। आरोप है कि इसके बाद रात लगभग नौ बजे बिना ड्यूटी के कांस्टेबल रामवीर ने पीड़िता के पति को ग्राम प्रधान के दरवाजे के सामने रोककर गाली गलौज कर पीड़िता के पति को लाइसेंसी बट से सिर पर मार दिया और धक्का देकर जमीन में पटक दिया। जिससे पति के सिर में गंभीर चोट आ गई और लहूलुहान हो गया। सिपाही फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने लगा। जानकारी मिलने पर पीड़िता मौके पर पहुंची तो उसके साथ भी अभद्रता की और जातिसूचक शब्दों से गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जलालपुर रवि कुमार ने बताया कि दो पक्षों के मध्य ग्राम सभा की जमीन पर कब्जेदारी को लेकर विवाद चल रहा है। उप जिला मजिस्ट्रेट व क्षेत्राधिकारी द्वारा मौके पर आकर मुआयना किया गया था तथा दोनों पक्षों को यथास्थिति बनाये रखने की हिदायत दी गई थी। जिसके बावजूद भी दोनों पक्ष उसी जमीन को लेकर विवाद करते रहे हैं। वहीं सिपाही पर लगाए गए आरोप निराधार है। कांस्टेबल को यहां से हटा कर सिसोलर थाने भेज दिया है।

अमृत विचार

कानपुर, शनिवार, 7 मार्च 2026

महोबा

**न्यूज ब्रीफ**

### बच्चों के विवाद में परिजनों में मारपीट

**महोबा।** शहर के हमीरपुर चुंगी इलाके में बच्चों के बीच हुए विवाद में उनके परिजनों में मारपीट हो गई। मारपीट में एक किशोर सहित दो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो पक्षों के लोगों को शांत कराया और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर उसकी मरहम पट्टी कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है साथ ही फरार उपद्रवी की तलाश में जुटी हुई है। हमीपुर चुंगी क्षेत्र में रंग लगाने को लेकर बच्चों में विवाद हो गया, जिस पर कुछ लड़कों ने शिवम (12) ने मारपीट कर दी जिससे किशोर के सिर पर गंभीर चोट आई। घायल जब घर पहुंचा और अपने माता पिता योगेश और लाड़कुंवर को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंचे, लेकिन वहां विवाद शांत होने के बजाय और बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए और गाली गलौज के साथ मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान भीड़ ने एक युवक को घेर लिया और उसे लात घूंसों से पीट दिया। घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली प्रभारी मनीष पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

### तारबाड़ी तोड़कर बाहर निकले गोवंश ने नष्ट की फसल

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** ग्राम पंचायत पलरा की अस्थाई गौशाला की तारबाडी को तोड़कर संरक्षित गोवंश बाहर आ गया और दो किसानों की करीब डेढ़ बीघा फसल चौपट कर दी। किसानों का आरोप है कि 15 हजार की क्षति पहुंची है। प्रधान ने आरोपों को निराधार बताया है। पलरा निवासी किसान रोहित तिवारी, वीरेंद्र प्रजापति का आरोप है कि पंचायत की अस्थाई गौशाला में संरक्षित गोवंश तारबाडी को तोड़कर बाहर आ गया और उनकी करीब डेढ़ बीघा गेहूं एवं मटर की फसल को क्षतिग्रस्त कर दिया है। इससे करीब 15 हजार की क्षति पर अनुमान है। ग्राम प्रधान राम खिलावन श्रीवास ने किसानों के आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि कुछ गोवंश बाहर निकल आए थे उसे तत्काल संरक्षित किया गया है किसी की फसल नष्ट नहीं हुई है।

### श्रीगंज बिहारी कुशवाहा समिति हुई भंग

**राठ (हमीरपुर)।** श्रीगंज बिहारी कुशवाहा कल्याण समिति को अध्यक्ष ने तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। इसकी जानकारी समिति के अध्यक्ष मुन्ना लाल बौद्ध पवई ने दी। अध्यक्ष ने बताया कि तीन माह के अंदर समिति का चुनाव करा दिया जायेगा। चुनाव के लिए गया प्रसाद कुशवाहा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# होली मिलन में देर रात तक सजी फाग की महफिल

- विकासखंड क्षेत्र के कई गांवो में फगवारों ने सुनाई ईश्वरी फाग

संवाददाता, बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे में आयोजित होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने एक दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस समारोह में सालों पुरानी परम्परा की अनूठी झलक देखने को मिली, जहां पर देर रात तक पारम्परिक ईश्वरी फागों की महफिल सजाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई गांवों के आए फगवारों (फाग सुनाने वाले) ने ढोल मंजीरों व अन्य संगीतमय यंत्रों की धुनों पर फाग सुनाकर माहौल को होलीमय बना दिया। इसी प्रकार विकासखड़ जैतपुर के कई ग्रामीण अंचलों में भी फाग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



संगीतमय फाग सुनाते ग्रामीण। अमृत विचार

होली मिलन समारोह में आयोजित फाग कार्यक्रम में ढोलक, मंजीरा और झांझ की मधुर थाप के साथ फाग गायन का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात तक अपने शबाब में पहुंचते हुए और भी रंगीन होता चला गया। फगवारों ने मेरी खबर शारदा लइयो, कंठ बिराजी रइयो, मै मूरख अपडा न जानो भूली करी मिलैयो सहित एक से बढ़कर एक पारंपरिक फाग प्रस्तुत किए, जिन्हें सुनकर उपस्थित लोग झूम उठे। कई लोग फागों की धुन पर नाचते नजर आए और पूरा मोहल्ला उत्साह व उमंग से सराबोर हो गया।

कस्बे के अलावा बघौरा, बुधवारा, सीगौन, धवर्रा, सलैया आदि गांवों मे भी फाग कार्यक्रम में ग्रामीणों और फगवारों ने तुम बिन को है श्याम हमारौ, जैसे बने सो तारो बिपत करावन धरो बीच धार मे करिया टूटो बिछडो से वन हारो, मै अधीन पुकारो ईश्वर ताबे दार तुम्हारो, सूखे ध्वजा पताका सर मे, भू मे डरो निआरो, तुम बिन को है श्याम हमारौ आदि फाग और होली के गीतों के माध्यम से आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक एकता का संदेश दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में लोग बड़ी संख्या में मौजूद होकर झूमते रहे।

कस्बे के श्रीराम मोहल्ला में होली पर फाग गाने की यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। मोहल्ले के बुजुर्गों का कहना है कि पहले के समय में गांव गांव में फागों की परंपरा बहुत प्रचलित थी, लेकिन समय के साथ यह परंपरा कई जगहों पर कमजोर पड़ गई है, इसके बावजूद इस मोहल्ले में आज भी लोग पूरे उत्साह के साथ इस परंपरा को निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। होली मिलन समारोह के मौके पर ग्रामीणों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और रंगों के इस पावन पर्व को आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान माहौल पूरी तरह भक्तिमय और उत्साहपूर्ण बना रहा, जिसे देखने के लिए आसपास के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

# दबंगों ने युवक को बेरहमी से पीटकर किया घायल

- घायल के बयान लेने के बाद पुलिस ने दबंगों की शुरू की तलाश

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** शहर के फतेहपुर बजरिया मुहाल में आधा दर्जन दबंगों ने नशे में धुत होकर एक युवक को लाठी डंडों से बेरहमी से पीटा। बीच बचाव करने पहुंचे सपा के जिला महासचिव पर भी हमलावरों ने हमला करने की कोशिश कर अभद्रता की, जिस पर महासचिव को वहां से हटना पड़ा। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

फतेहपुर बजरिया क्षेत्र में कुछ दबंग शराब पी रहे थे, तभी घर जा रहे शोएब (24) को रोककर अभद्रता करने लगे, जब युवक ने इसका विरोध किया तो उपरोक्त दबंगों ने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से शोएब पर प्रहार कर दिया। घायल अवस्था में युवक अपनी जान बचाने के लिए शोर मचाते हुए पास ही स्थित समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव ताहिर के घर की ओर भागा और उनके दरवाजे पर जाकर गिर पड़ा। मानवता के नाते सपा नेता ने घायल युवक को बचाने की कोशिश की, लेकिन हमलावरों ने उन पर भी हमला करने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ती देख नेताजी को अपनी जान बचाने के लिए वहां से हटना पड़ा। इसके बाद दबंगों ने जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गए। परिजन और मोहल्ले के लोग गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल ले गए। डॉ. यतेंद्र पुरवार ने बताया कि युवक के सिर पर गहरे घाव हैं और उसकी हालत को देखते हुए उसे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# दुकान में आग लगने से लाखों का सामान जलकर राख

## दमकल विभाग की टीम के आने पर आग पर पाया जा सका काबू

संवाददाता बेलाताल महोबा

**अमृत विचार।** कस्बे की एक दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। दुकान मालिक और लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा वार्निश, रंग प्लास्टिक पाइप आदि सहित लाखो रुपये का सामान जलकर बर्बाद हो गया। दुकान मालिक ने प्रशासन से आगजनी में हुए नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।



दुकान में लगी आग से उठाता धुआं। अमृत विचार

जहां एक ओर लोग होली की खुशियां मना रहे थे, वहीं कस्बे की एक दीपक ट्रेडर्स दुकान में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। धीरे धीरे दुकान से धुआं उठाना शुरू हुआ और दुकान काले धुएं और आग की लपटों में तब्दील होने लगी, तभी लोगों ने आग लगी देख अफरा तफरी मच गई और दुकान मालिका अखिलेश गुप्ता को काल किया। दुकान मालिक के आने पर उसने दुकान का ताला खोला तो चारों तरफ आग और धुएं के चलते कुछ समझ नहीं आया। सभी ने आसपास से पानी का इंतजाम करते हुए आग बुझाने का प्रयास करते हुए दमकल विभाग को सूचना दी।

करीब आधा घंटे बाद पहुंची दमकल विभाग की टीम ने अग्निशमन वाहन के जरिए आग बुझाना शुरू किया और बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे आसपास की अन्य दुकाने आग की जद में आने से बच गई। दुकानदार ने बताया कि इस आगजनी की घटना से दुकान पर रखे पाइप, रंग, वार्निश, ब्रश सहित लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने का कारण अभी तक ज्ञात नहीं हो सका है। पीड़ित ने प्रशासन से आग से हुए नुकसान का सर्वे कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

# 'होली पर्व में दूर होते हैं एक दूसरे के गिले शिकवे'

**बेलाताल महोबा।** उत्तर प्रदेश जर्नालिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में शुक्रवार को ब्लाक सभागार में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में एसडीएम कुलपहाड़ प्रदीप कुमार ने कहा कि होली मिलन समारोह में सभी को गले मिलने का अवसर मिला है। सभी को इस पर्व को आपस में मिलजुल कर मनाना चाहिए, तभी गिले शिकवे दूर होते हैं। यह त्योहार खुशियों भरा होता है। होली में बुराईयों को भूल कर अच्छाईयों पर ध्यान देना चाहिए।

इस मौके पर बसपा नेता निर्दोष दीक्षित ने कहा कि पत्रकारिता समाज को दिशा देने वाला व्यवसाय है और इसको संभालकर रखना होगा। पत्रकार की कलम से किसी का अहित न हो बल्कि लोगों को इस कलम से लाभ मिले यही पत्रकारिता का उद्देश्य है। उन्होंने होली मिलन पर्व को बुराईयों से दूर रहना का त्योहार बताया। समाजसेवी संतोष गंगेले, राकेश अग्रवाल, विनोद कुमार मिश्रा, तारा पाटकार ने भी विचार व्यक्त किए। इससे पूर्व उपजा के जिलाध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी ने एसडीएम को पुष्प भेंट करने के साथ ही अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# यूजीसी रेगुलेशन एक्ट लागू करने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

- मांगे पूरी न होने पर संगठनों ने 23 अप्रैल को भारत बंद की दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** यूजीसी रेगुलेशन लागू किए जाने और शिक्षकों पर 50 साल की उम्र के बाद टीईटी थोपे जाने की मांगों को लेकर शुक्रवार को भारत मुक्ति मोर्चा और राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने सदर तहसील में जोरदार प्रदर्शन कर विरोध जताया साथ ही चेतावनी दी कि सरकार की तानाशाही के विरोध में 23 अप्रैल को भारत बंद किए जाने का निर्णय लेते हुए शिक्षकों को टीईटी से मुक्ति दिलाए जाने की मांग उठाई गई। प्रदर्शन के बाद राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी शिवध्यान पांडेय को सौंपा।



उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते संगठन के लोग। अमृत विचार

संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग को लेकर जिले में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए। राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए प्रदर्शनकारियों ने आरोप है कि केंद्र सरकार ने कैबिनेट में ओबीसी की जाति आधारित जनगणना का फैसला लिया था, लेकिन जनगणना नोटिफिकेशन में जातियों का कॉलम शामिल नहीं किया गया। संगठनों ने इसे ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी बताया है। उनकी मांग है कि आगामी राष्ट्रीय जनगणना में ओबीसी के लिए अलग से कॉलम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। ज्ञापन में जनगणना के अलावा, प्रदर्शनकारियों ने एससी, एसटी और ओबीसी के लिए सख्त यूजीसी इक्विटी रेगुलेशन लागू करने की भी मांग की। उनका कहा कि कमजोर रेगुलेशन और अदालतों में ढुलमुल पैरवी के कारण इन वर्गों के हितों की अनदेखी हो रही है। इसके अतिरिक्त 2011 से पहले नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता से तत्काल मुक्त करने की भी मांग की गई। इस प्रदर्शन में जिला सह संयोजक देवीदीन बौद्ध, बृजेंद्र गौतम, साहिल बौद्ध और अजय कुमार सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। संगठनों ने स्पष्ट किया कि यह आंदोलन केवल एक शुरुआत है। तय कार्यक्रम के अनुसार, 13 मार्च को धरना प्रदर्शन होगा, 23 मार्च को जिला मुख्यालयों पर रैलियां निकाली जाएंगी। यदि सरकार ने मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो 23 अप्रैल को राष्ट्रव्यापी चक्का जाम किया जाएगा।

# गंज को डूब क्षेत्र में शामिल किए जाने को लेकर प्रदर्शन

- भारतीय हलधर किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** अर्जुन सहायक परियोजना के डूब क्षेत्र का पूरे गंज गांव को मुआवजा दिलाए जाने को लेकर ग्रामीण समय समय पर आवाज बुलंद करते रहते हैं। इसी क्रम में भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में प्रभावित गंज गांव के ग्रामीणों ने शुक्रवार को कलेक्ट्रट में विरोध प्रदर्शन किया, इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया। ज्ञापन में गांव को पूर्ण रूप से डूब क्षेत्र घोषित कराए जाने की मांग उठाई साथ ही चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह में मांग पूरी नहीं हुई तो यूनियन भूख हड़ताल करने के लिए विवश हो जाएगी।



प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

भारतीय हलधर किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने बताया कि प्रशासन कुंभकर्णीय नींद में सोया हुआ है और जब किसानों के पास खेती करने के लिए भूमि ही नहीं बची है, तो वे अपने बच्चों का भरण पोषण कैसे करेंगे। उन्होंने कहा कि सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई जानकारियां भी विभाग दबा रही हैं। मुख्यमंत्री, को भेजे गए इस ज्ञापन में किसानों ने आरपार की लड़ाई का ऐलान किया है। उनकी मुख्य मांग है कि पूरे गंज गांव को डूब क्षेत्र घोषित किया जाए और उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए।

# अज्ञात कारणों के चलते युवक ने फांसी लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** विकासखंड कबरई क्षेत्र लोढ़ा पहाड़ गांव में एक युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे पर शव को लटका देख परिजनों के होश उड़ गए ।

लोढ़ा पहाड़ गांव निवासी राहुल वर्मा (28) पुत्र गंगादीन वर्मा ट्रैक्टर चालकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। बीती रात वह होली खेलने के बाद खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया और दरवाजा बंद कर सीलिंग पंखे में रस्सी के सहारे फंदा अपने गले में डालकर फांसी पर झूल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। कुछ देर बाद परिजनों ने उसे फांसी पर लटका देखा तो चीख पुकान मचाने लगे, जिससे ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए और दरवाजा तोड़कर पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और शव को फांसी से नीचे उतारकर कब्जे में लेते हुए पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# खत्मुल कुरान पर बताई गई रमजान माह की फजीलत

- मकनियापुरा सहित कई मस्जिदों में मुकम्मल हुआ कुरान

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान के मौके पर आजकल शहर में खत्मुल कुरआन का सिलसिला तेज हो गया है। अब एक के बाद एक मस्जिद में कुरआन तेजी से पूरा हो रहा है। ग्यारहवें रोजे को शहर के मुहल्ला मकनियापुरा की छोटी मस्जिद में हाफिज अमीर हमजा ने कुरआन मुकम्मल कराया, जहां पर उन्हे 50 हजार रुपये कमेटी की तरफ से नजराना पेश किया गया। इसी तरह समदनगर सहित कई मस्जिद में कुरान मुकम्मल हुआ।

खत्मुल कुरआन के मौके पर नातिया कलाम पेश किया गया। जहां पर भारी संख्या में लोग उपस्थित हुए इस मौके पर कारी सलीम साहब ने खिताब करते हुए कुरआन की फजीलत बताई, उन्होने कहा कि कुरान की रोज सुबह तिलावत करनी चाहिए। कुरान को पढ़ने से आंखों की रोशनी बढ़ती है। सुबह फजिर में सुन्नत और फर्ज नमाज के बीच में कुरान पढ़ने से लाइलाज बीमारी से शिफा मिलती है। हजरत उस्मान अलैहिस्सालम फजिर की नमाज से पहले रोज कुरान पढ़ने के बाद आंखों से लगाया करते थे। उन्होंने कहा कि कुरआन को थोड़ा पढें लेकिन मुस्तकिल पढें। कुरआन पढने से इस माह में 70 गुना सवाब मिलता है। कुरआन की तिलावत हमेशा करते रहना चाहिए। उन्होने कहा कि कुरआन आसमानी किताब है, कुरआन पाक को अल्लाह ताअला ने रमजान के मुबारक माह मे नाजिल किया है।

मौलाना हसन रजा ने कहा कि रमजान माह बरकतों और नेमतों का महीना है, अल्लाह ताअला इस माह बेशुमार नेमतें अता करता है।

**माह-ए-रमजान** | जुमे की नमाज में खचाखच भर जाती हैं नमाजियों से मस्जिदें

# जुमे की नमाज में की मुल्क की तरक्की और खुशहाली की दुआ

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** मुकद्दस माह रमजान में लोगों में इबादत तिलावत के प्रति खासा जज्बा दिखाई दे रहा है। हालत यह है कि रमजान के तीसरे जुमे में मस्जिदें नमाजियों से भरी नजर आई। जुमे की नमाज के लिए नमाजी नहा धोकर पाकीजगी के साथ नमाज अदा करने के लिए पहले से मस्जिदों में पहुंचकर पहली सफ (लाइन) में बैठ गए। नमाज के बाद सभी ने मुल्क की तरक्की, आपसी भाईचारा और देश में अमन चैन की दुआएं मांगी। बच्चे, जवान और बुर्जुग जुमे की नमाज के लिए साफ लिवास में जामा मस्जिदों में पहुंचकर अदा की।



नमाज के बाद दुआ मांगते लोग। अमृत विचार

19 फरवरी से रमजान माह शुरू हो गया था, जिसके चलते मुस्लिम समुदाय में रोजा रखने और नमाज अदा करने में मशगुल रहते हैं। मुस्लिम बाहुल इलाकों में रोजे शुरू हो जाने के कारण खासी चहल पहल दिखाई दी।

नहा धोकर लोग सुबह से ही तैयार हो गए और रमजान के तीसरे जुमे की नमाज के लिए पहले से मस्जिदों में दाखिल हो गए, जिससे नमाज पढ़ने के लिए मस्जिदों में जगह मिल जाए। वहीं कुछ लोग पहली सफ में जगह पाने के लिए पहले से मस्जिदों में पहुंचे और पहली सफ में खड़े होकर जुमे की नमाज अदा की।

शहर में करीब तीन दर्जन से ज्यादा मस्जिदों में जुमे की नमाज पढ़ी जाती है। रमजान माह में हर नमाज में नमाजियों की संख्या में इजाफा हो जाता है और जुमे की नमाज में तो भारी भीड़ जुटती है। अब मस्जिदों के आगे अधिक जगह न होने के कारण लोग मस्जिदों के अंदर नमाज पढ़ने के लिए पहले से जाकर जगह बना लेते है, यही वजह है कि बाद में मस्जिद पहुंचने वाले लोगों को या तो छत के ऊपर या खुले आसमान के नीचे जुमे की नमाज पढ़नी पड़ती है। रोजा रखने के साथ पहले ही रमजान को जुमा पड़ने से तमाम दुकानदारों ने नमाज के वक्त दुकाने बंद करके जुमे की नमाज अदा की।

# रामकुंड गौशाला होली मिलन समारोह कल

**महोबा।** प्रेस क्लब के तत्वावधान में 8 मार्च को कलेक्ट्रेट के पास रामकुंड स्थित गौशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। जहां पर पत्रकारों के अलावा अन्य लोग भी शिरकत कर होली के गीत, फूलों की होली और फागों का आनंद ले सकेंगे। इस मौके पर एक दूसरे को तिलक और गुलाल लगाकर होली की मुबारकबाद भी दी जाएगी। प्रेस क्लब के अध्यक्ष संजय मिश्रा ने क्लब के सदस्यों और पत्रकारों से दोपहर 12 बजे रामकुंड गौशाला में होली मिलन समारोह कार्यक्रम में शिरकत करने की अपील की है।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें


**कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट चित्रकूट**

पत्रांक – 913/न0पं0मा0/2025–26 दिनांक – 05/03/2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची के कॉलम नं0–2 में आवेदक द्वारा भवन के निर्माण के लिए भवन मानचित्र आवेदन पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है, नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 180 (1) के अंतर्गत दी गई व्यवस्था के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत के संबंध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रशासन से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति मय साक्ष्यों सहित नगर पंचायत मानिकपुर सरहट कार्यालय में आकर लिखित रूप से प्राप्त कर दे। यदि निर्धारित अवधि के अंदर संबंधित पक्ष की कोई प्रमाणित साक्ष्य सहित आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जाएगा कि किसी भी पक्षकर को उक्त भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृत के संबंध में कोई आपत्ति नहीं है। तदानुसार नगर पंचायत द्वारा उक्त भवन मानचित्र स्वीकृत की कार्रवाई संपन्न कर दी जाएगी।

**भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति की प्रकाशन सूची**

| क्र0 सं0 | भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रार्थी आवेदक का नाम | भूमि का विवरण/ गाटा संख्या रकबा /चौहद्दी सहित | नगर पंचायत में प्रस्तुत अभिलेख (रजिस्ट्री, वसीयत, पैत्रक आदि) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री प्रशांत कुमार व श्री अश्वनी कुमार पुत्रगण स्व0 पदुम नारायण निवासी– शिव नगर मानिकपुर | मोहल्ला शिव नगर खाता संख्या–484, गाटा संख्या–483/3 चौहद्दी का विवरण पूर्व में कुलदीप द्विवेदी का घर, पश्चिम में स्वयं की पैतृक भूमि, उत्तर में स्वयं की पैतृक भूमि, दक्षिण में राकेश त्रिपाठी का खाली प्लाट, कुल क्षेत्रफल 5520 वर्गफीट | खतौनी, भवन मानचित्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट

## न्यूज ब्रीफ

### दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** बाइकों की भिड़ंत में घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार कस्बा पहाड़ी निवासी दुर्विजय कुशवाहा उर्फ राजा पुत्र मातादीन, जो पीलीभीत के पूरनपुर विकास खंड में लिपिक था, छुट्टी पर घर आया था। 27 फरवरी को काम पर वापस जा रहा था। उसे कर्वी से ट्रेन पकड़नी थी। बाबूपुर श्रमदान के पास दूसरी बाइक से टकरा गया था। दुर्विजय को जिला चिकित्सालय से प्रयागराज रेफर कर दिया गया था, जहां हालात में सुधार नहीं होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान दुर्विजय की मौत हो गई। युवक की मौत से पत्नी उर्मिला, पुत्र अजय, अभय और राधेकृष्ण तथा पुत्री सारिका का हाल बेहाल है।

### 12 को चित्रकूट आएगी विशेषाधिकार समिति

**चित्रकूट।** सीडीओ डीपी पाल ने बताया कि उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकार समिति गोविंद नारायण शुक्ल के सभापतित्व में 12 मार्च को झांसी से चित्रकूट पहुंचेगी। समिति अगले दिन कलेक्ट्रेट सभागार में चारों जिलों के अधिकारियों के साथ बैठक करेगी। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे विभाग की अद्यावधिक सूचनाओं के साथ बैठक में ससमय प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

### आवासीय व्यवस्थाओं के लिए वित्तीय स्वीकृति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बताया कि तहसील मानिकपुर अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर में स्थापित नवीन पुलिस चौकी में आवासीय भवनों के निर्माण कार्य एवं कमिश्नरेट वाराणसी के अधिकारियों की आवासीय व्यवस्था के ट्रांजिट हास्टल के निर्माण की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी के लिए 422,92 लाख और ट्रांजिट हास्टल के लिए 200 .84 लाख की लागत की स्वीकृति मिली है।

### युवक के खिलाफ की शांतिभंग की कार्रवाई

**जालौन।** पारिवारिक विवाद को लेकर पिता व भाई के साथ झगड़ा कर रहे युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी शिवनारायण ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा भूपेंद्र पारिवारिक विवाद के चलते अक्सर घर में विवाद करता रहता है। कई बार समझाने की कोशिश की है, लेकिन सुनने को तैयार नहीं है। पिता ने आरोप लगाया कि शुक्रवार की सुबह भूपेंद्र आकर विवाद करने लगा। उन्होंने रोकने की कोशिश की तो गाली, गलौज करते हुए अभद्रता करने लगा। भाई राधेश्याम ने रोका तो उसके साथ मारपीट कर दी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

### एसपी ने ली परेड की सलामी, किया मुआयना

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ, तत्पर रहने और अनुशासन बनाए रखने के लिए व्यायाम और दौड़ कराई। प्रतिसार निरीक्षक को सुधार के लिए निर्देशित किया।
एसपी ने बाद में परिवहन शाखा, डायल 112 कार्यालय, आवास परिसर, आरटीसी बैरक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय, ऑमेरी का निरीक्षण किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अरविंद कुमार वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामशीष यादव, प्रभारी आरटीसी शिवमूरत यादव व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### महिलाओं की एथलेक्टिस प्रतियोगिता आठ मार्च को

**चित्रकूट।** क्रीड़ाधिकारी चित्रकूट धाम मंडल अरविंद कुमार सोनकर ने बताया कि फिट इंडिया महिला सप्ताह के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स स्टेडियम में आठ मार्च को प्रातः आठ बजे से एथलेटिक्स महिला प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने की इच्छुक खिलाड़ी माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकती हैं।

### नाबालिग को फुसला कर ले जाने का आरोप

**मानिकपुर।** थानांतर्गत एक गांव निवासी व्यक्ति ने मप्र निवासी एक युवक पर उसकी नाबालिग बेटी को फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि चार मार्च की रात कृष्णा पुत्र वंशीलाल निवासी तुर्का डभौरा शादी का झांसा देकर ले गया। उसने बहुत खोज की पर पता नहीं चला। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आशियाना ढहाने पर भाकियू ने दी आंदोलन की चेतावनी

## एसडीएम ने कहा, विधिसम्मत तरीके से की गई है पूरी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** मऊ तहसील क्षेत्र मं् प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर सवाल उठ रहे हैं। एक गरीब परिवार ने आरोप लगाया है कि बिना किसी नोटिस और वैधानिक प्रक्रिया के उसका मकान जेसीबी से ढहा दिया गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर है। शुक्रवार को पीड़ित किसान नरेश तिवारी भारतीय किसान यूनियन जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के साथ तहसील पहुंचे और उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन से न्याय की गुहार लगाई।


तहसील पहुंचकर अपनी व्यथा बताता किसान और भाकियू के पदाधिकारी।

पीड़ित किसान नरेश तिवारी के अनुसार, वह कई वर्षों से अपनी निजी भूमि पर मकान बनाकर परिवार सहित निवास कर रहा था लेकिन बीते दिनों अचानक प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और बिना कोई लिखित नोटिस या सूचना दिए जेसीबी मशीन लगाकर मकान को ध्वस्त कर दिया। पीड़ित का कहना है कि यदि निर्माण को लेकर कोई आपत्ति या अवैध होने का मामला था तो प्रशासन को पहले नोटिस देना चाहिए था कि वह अपना पक्ष रख सके और कानूनी प्रक्रिया का पालन हो सके।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि राजस्व टीम द्वारा पहले भूमि की पैमाइश की गई थी, जिसमें भूमि उसकी बताई गई। इसके बाद भी बिना किसी पूर्व सूचना के मकान को गिरा दिया गया, जो पूरी तरह नियमों की अनदेखी और प्रशासनिक मनमानी को दर्शाता है। मकान टूटने से परिवार को भारी आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक पीड़ा भी हुई है और परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है।

उधर, मामले ने अब राजनीतिक और किसान संगठनों का भी ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, तहसील अध्यक्ष विनय त्रिपाठी तथा अन्य पदाधिकारियों ने पीड़ित किसान के साथ एसडीएम से मुलाकात कर पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिलाने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। भाकियू जिलाध्यक्ष ने कहा है कि पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिला और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो भाकियू आंदोलन करने को मजबूर होगी।

### एसडीएम बोले, कोई गलत काम नहीं हुआ

- उधर इस मामले में आरोपों को गलत बताय। उनका कहना था कि विधिसम्मत कार्रवाई की गई है। आगे भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासनिक कार्रवाई को लेकर इलाके में भी रोष है। इनका कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाती है तो कानून के तहत पहले नोटिस देना और वैधानिक प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य होता है। इस मौके पर महामंत्री शत्रुघ्न सिंह, तहसील प्रभारी नीलकंठ द्विवेदी, ब्लाक अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, हेमराज सिंह, ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं से मालिश कराती शिक्षिका का वीडियो वायरल

**चित्रकूट।** मुख्यालय स्थित एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा छात्राओं से मालिश कराने का वीडियो वायरल होने से हड़कंप मच गया। हालांकि 'अमृत विचार' अखबार इसकी पुष्टि नहीं करता है।

बताया जा रहा है कि मामला मुख्यालय स्थित प्राथमिक विद्यालय का है। स्थानीय लोगों के अनुसार, विद्यालय में काफी समय से शिक्षण कार्य को लेकर शिकायतें सामने आती रही हैं। आरोप है कि पढ़ाई के बजाय बच्चों से अन्य कार्य कराए जाते हैं। इसी बीच सामने आए एक वीडियो ने पूरे मामले को और गंभीर बना दिया है। वायरल वीडियो में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका जमीन पर लेटी हैं, आसपास मौजूद छात्राएं कथित रूप से उनकी मालिश करती नजर आती हैं। इस घटना के सामने आने के बाद अभिभावकों में नाराजगी है। इनका कहना है कि वे अपने बच्चों को विद्यालय इसलिए नहीं भेजते हैं कि अध्यापिकाओं की सेवा करें। इस संबंध में जब बीएसए बीके शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि उन्होंने संबंधित खंड शिक्षाधिकारी से इसकी जांच कराई। इसमें यह पुष्टि हुई कि आरोप सही हैं। इस पर प्राथमिक विद्यालय नया बाजार की प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर दिया गया है।

# प्रसव पीड़ा से महिला की हुई मौत, नवजात की भी गई जान

संवाददाता, पहाड़ी चित्रकूट

- बिना पोस्टमार्टम कराए शव घर ले गए परिजन

**अमृत विचार।** प्रसव के दौरान प्रसूता असहनीय दर्द सह नहीं सकी। उसकी और उसके बच्चे की दुखद मौत हो गई। परिजन बिना पोस्टमार्टम कराए शवों को लेकर घर चले गए।


नीलू।

जानकारी के अनुसार, पहाड़ी थानांतर्गत परसौंजा निवासी कुबेर ने अपनी बेटी नीलू की शादी कमासिन जिला बांदा निवासी दीपक कुमार से की थी। दीपक बाहर रहकर कमाता है। इससे नीलू गर्भावस्था के दौरान पिछले छह महीने से मायके में रह रही थी। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह उसे प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी लाए। जहां स्टाफ की देखरेख में रही सुबह करीब सात बजे दर्द बढ़ने पर उसे प्रसव कक्ष में ले जाया गया। बताया कि बच्चे का थोड़ा सिर बाहर आया और प्रसूता को असहनीय दर्द होने लगा। वह दर्द सहन नहीं कर सकी और उसकी मौत हो गई। प्रसूता की मौत के बाद बच्चे की भी मौत हो गइ्र। प्रथमदृष्टया चिकित्सक भी मौत की वजह दर्द न सह पाना मान रहे हैं। परिजनों ने भी चिकित्सकों पर किसी भी प्रकार की लापरवाही का आरोप नहीं लगाया। वे पोस्टमार्टम न कराने को कहकर शव घर ले गए। वहीं प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पहला बच्चा होने के चलते प्रसूता दर्द सहन नहीं कर सकी और मौत हो गई। परिजनों ने किसी के ऊपर कोई आरोप नहीं लगाया। पोस्टमार्टम हेतु कहने के बाद भी परिजनों ने इंकार किया व शव घर ले गए।

### मारापीट कर जान से मारने की दी धमकी

**चित्रकूट।** रैपुरा थानांतर्गत कौबरा निवासी छोटू मिश्रा ने कुछ लोगों पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छोटू का आरोप है कि चार मार्च की दोपहर वह अपनी दुकान जा रहा था। इसी दौरान गांव निवासी सुल्ताना, धुंधकारी, छोटन, छोटू, नानभैया, उमेश, मनोज कुछ लोगों से झगड़ा कर रहे थे। उसने बीचबचाव की कोशिश की तो सुल्ताना ने पीछे से लाठी मार दी। इससे उसे सिर और हाथ पर चोटें आईं। इन लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी।


गांव में मुनादी करती पुलिस। अमृत विचार

## पेट्रोल पंप डकैती कांड के फरार आरोपी के घर नोटिस चस्पा

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** थाना पुलिस ने पेट्रोल पंप डकैती कांड में वांछित चल रहे आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसके घर पर कुर्की नोटिस चस्पा की है। पुलिस ने गांव में मुनादी कराते हुए आरोपी को निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में उपस्थित होने की चेतावनी दी है।

वांछित आरोपी मुन्ना उर्फ संदीप पटेल पुत्र जयलाल पटेल, निवासी ग्राम कसियार, थाना नईगढ़ी, जनपद मऊगंज (मध्य प्रदेश) काफी समय से फरार चल रहा है। पुलिस ने आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा है। न्यायालय के आदेश के अनुपालन में थाना प्रभारी बरगढ़ शिवआसरे के नेतृत्व में पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची, जहां कुर्की की कार्रवाई के तहत नोटिस चस्पा किया गया और लाउडस्पीकर के माध्यम से मुनादी कराई गई। पुलिस ने बताया कि यदि आरोपी 15 दिन में न्यायालय में उपस्थित नहीं होता, तो उसके घर की संपत्ति कुर्क करते हुए सामान जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। बरगढ़ पुलिस का कहना है कि आरोपी की तलाश लगातार जारी है और न्यायालय के निर्देशों के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ईरान पर हुए हमले पर जताई चिंता

**जालौन।** वामपंथी दलों की बैठक में अमेरिका इजराइल के द्वारा ईरान में बच्चों और लोगों की मौत को लेकर विरोध प्रकट किया गया।

वामपंथी दलों की बैठक सुधीर अवस्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें राज्य व्यापी आह्वान के तहत अमेरिका व इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले में स्कूली बच्चों के मारे जाने की निंदा की गई। साथ ही बैठक में इस हमले में मारे गए बच्चों को श्रद्धांजलि दी गई। बैठक में घोषणा की गई कि युद्ध रोकने के लिए 10 मार्च 2026 को समय सुबह 11 बजे अंबेडकर चौराहा उरई से शान्ति पक्ष मे वामदलों द्वारा शांति मार्च निकाला जाएगा और जिलाधिकारी को डापन सौंपा जायेगा। बैठक में कामरेड राजीव कुशवाहा, रामकिशोर गुप्ता, रामसिंह चौधरी, रामऔतार दोहरे, विनय पाठक, भारत सिंह, देवेश चौरसिया आदि रहे।

# फूलों की होली खेलकर लगाया गले

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** शुक्रवार को लक्ष्मी नारायण मन्दिर बड़ा स्थान में होली की तीज पर रंग उत्सव का आयोजन हुआ। इसमें भजन व फाग के अलावा एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली भी खेली गई।

जनपद की प्रमुख नागा गद्दी लक्ष्मी नारायण मन्दिर बड़ा स्थान कालपी में महामण्डलेश्वर राम करन दास की अगुआई में होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान मौजूद क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि धार्मिक स्थल ही सनातन संस्कृति के वाहक है जो पर्वो पर ऐसे आयोजन कर युवाओं को पुरातन परम्परागत कार्यक्रम की जानकारी देते हैं। इस दौरान मन्दिर प्रांगण में परम्परागत तरीके से भजन,कीर्तन व फाग वहां मौजूद लोगों द्वारा गायी गयी तथा एक दूसरे को गुलाल लगाकर फूलों की होली भी खेली गई और भांग ठंडाई गुझिया बर्फी व मिठाई वितरित की गई। होली तीज के उत्सव पर मौजूद लोग बिहारी जी के रंग में सराबोर नजर आये। इस दौरान महामण्डलेश्वर राम करन दास ने कहा कि त्योहार प्रेम आपसी सौहार्द बनाएंगे रखने में भूमिका निभाते हैं। इस दौरान लोग गिले शिकवे भूलकर जिन्दगी की नयी शुरुआत भी करते हैं। इस मौके पर, राजू पाठक, बट्टू महाराज, लक्ष्मी नारायण द्विवेदी, हरिश्चन्द्र दीक्षित, रमेश मिश्रा, अरविन्द, श्रवण निगम, बोबी नगाइच आदि बड़ी संख्या में आस्थावान लोग मौजूद रहे।


होली मिलन समारोह के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

### तैलिक साहू समाज ने किया होली मिलन समारोह

**जालौन।** मां कर्माबाई रामजानकी मंदिर में तैलिक साहू समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मौजूद लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। तैलिक साहू समाज के मां कर्माबाई रामजानकी मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में समाज के उत्थान पर चर्चा की गई । वक्ताओं ने समाज के विकास के लिए शिक्षा, व्यवसाय और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने पर जोर दिया। युवाओं ने होली के गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। अबीर और गुलाल से होली खेलकर समाज के लोगों ने प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम में 15 मार्च 2026 को मां कर्माबाई की जयंती मनाए जाने की रूपरेखा बनाई गई। इस मौके पर साहू समाज जिलाध्यक्ष श्रीराम साहू, महामंत्री हरिशंकर साहू, दयाराम साहू, रामप्रकाश साहू, लालू साहू, राम साहू, रामकरण साहू, नारायणदास साहू, शिवनारायण साहू, रूपेश साहू, संतराम साहू रहे।

### दलित शोषण मुक्ति मंच का सम्मेलन कल

**जालौन।** दलित शोषण मुक्ति मंच के जिला संयोजक कमलेश ने बताया कि संगठन का जिला सम्मेलन कल नारोभास्कर में होगा। जिसमें दलितों के खाली पदों को भरने, आरक्षण लागू करने, संसद और विधानसभा में जनसंख्या के आधार पर बजट आवंटन करने, दलितों के विरुद्ध अत्याचार और छुआछूत को तत्काल समाप्त करने, यूजीसी के वर्तमान मसौदे को प्रभावी लागू करने, दलितों के सामाजिक आर्थिक, राजनैतिक अधिकारों को मजबूत करने, भूमिहीनों को भूमि के पट्टे देने आदि मुद्दों को उठाया जाएगा।

# एक सप्ताह में शिफ्ट करें पोल, ट्रांसफार्मर व पाइपलाइन

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- कर्वी- देवांगना मार्ग चौड़ीकरण के संबंध में हुई बैठक में जिलाधिकारी ने दिये निर्देश

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने शुक्रवार को पटेल तिराहे से कर्वी-देवांगना फोरलेन के चौड़ीकरण की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को आगाह किया कि एक सप्ताह के अंदर फोरलेन में आने वाली बाधाओं एवं यूटिलिटी शिफ्टिंग का निवारण करें।

डीएम ने कहा कि पटेल तिराहे से सोनेपुर पेट्रोल पंप के मध्य मार्ग में आने वाले पोल, ट्रांसफार्मर एवं पेयजल पाइपलाइनों को जल्द शिफ्ट करें। निर्देशित किया कि बढ़ते हुए तापमान के दृष्टिगत सीसी रोड का निर्माण मार्च में ही पूरा कर लिया जाए ताकि कंक्रीट की गुणवत्ता प्रभावित न हो। जिलाधिकारी ने परियोजना के अन्य कामों को हर हाल में 30 मई तक पूरे करने के निर्देश दिए। काम में गति लाने के लिए जिलाधिकारी ने जल निगम, जल संस्थान, विद्युत विभाग एवं लोक निर्माण विभाग को आपस में समन्वय स्थापित करने तथा अपने विभागीय मानचित्र एक-दूसरे से साझा करने को कहा कि किसी भी प्रकार का तकनीकी व्यवधान उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने आगाह किया कि सभी विभाग गुणवत्तापूर्ण कार्य कराएं, किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, नहीं तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी और अभियंता मौजूद रहे।


फोरलेन संबंधी समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

# रेलवे आरक्षण सुविधा बहाल करने की मांग

**जालौन।** नगर के उप मुख्य डाकघर में 13 वर्ष से संचालित रेलवे आरक्षण केंद्र की खिड़की को लगभग पांच माह पूर्व बंद कर दिया गया है। नगरवासियों ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर रेलवे आरक्षण सुविधा बहाल कराने की मांग की है।

सईद चिश्ती, अशफाक राईन, जाकिर सिद्दीकी, आमिर, समीर, मोहम्मद खालिद रहमानी, जावेद आदि ने सांसद नारायणदास अहिरवार को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर के उपमुख्य डाकघर में साल 2013 में रेलवे आरक्षण खिड़की संचालित की गई थी। इस खिड़की के माध्यम से आम जनता को आरक्षित एवं तत्काल टिकट प्राप्त करने की सुविधा मिलती थी। यह सुविधा तत्कालीन सांसद डॉ. घनश्याम अनुरागी व राज्यसभा सांसद रामपाल के प्रयासों से मिली थी। लेकिन 12 सितंबर 2025 को यह आरक्षण खिड़की बंद कर दी गई। इसके चलते लोगों मांग करते हुए कहा कि पोस्ट ऑफिस में स्थित रेलवे आरक्षण खिड़की को पुनः चालू कराया जाए।

**चौपाल** | एडीएम नमामि गंगे ने अफसरों को दिए दिशा -निर्देश

# दस दिन के अंदर निपटायें ग्रामीणों की समस्याएं

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** ग्राम पंचायत कटैयाखादर में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे स्वप्निल कुमार ने शुक्रवार को जन चौपाल लगाई। उन्होंने सभी अधिकारियों को गांववालों की शिकायतों को दस दिन में निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह एवं सचिव रामनरायण पांडेय और विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

जन चौपाल में कृषि, चिकित्सा, समाज कल्याण और इंडियन बैंक के शिविर लगाए गए। मौके पर समस्याओं का निस्तारण किया गया। उपकृषि निदेशक ने फार्मर रजिस्ट्री, क्राप सर्वे एवं अन्य योजनाओं के बारे में बताया। सहायक विकास अधिकारी (सांख्यिकी) ने नियोजन विभाग की फैमिली आईडी के बारे में जागरूक किया। स्वास्थ्य केंद्र रामनगर के चिकित्साधिकारी ने आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया। बीडीओ ने बताया कि किताबों एवं यूनिफार्म के लिए अभिभावकों के खातों में धनराशि का भुगतान किया जा रहा है।

एडीएम ने उत्सव भवन निर्माण, मातृत्व वंदना योजना से महिलाओं को लाभांन्वित कराने, विद्युत आपूर्ति, पेंशन संबंधित शिकायतों को सुना। 10 दिन में विभागीय अधिकारियों को इनके निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बाद में एडीएम ने प्राथमिक विद्यालय, गौशाला का भी निरीक्षण किया।



चौपाल में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते एडीएम नमामि गंगे स्वप्निल कुमार।

### सीडीओ ने बियावल में लगाई ग्राम चौपाल

**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी डीपी पाल ने ग्राम पंचायत बियावल में ग्राम चौपाल का आयोजन किया। महिलाओं ने सीडीओ को पेंशन संबंधी समस्याएं बताईं। इस पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण के निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। ग्रामवासियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर पोषाहार वितरण में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। सीडीओ ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायत में शिविर लगाकर ग्रामीणों को लाभांन्वित किया जाए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों का समय से संचालन, नियमानुसार पोषाहार का वितरण और आयुष्मान कार्ड बनाने में तत्परता बरतने के निर्देश दिए। इस मौके पर बीडीओ, बाल विकास परियोजना अधिकारी, प्रभारी चिकित्साधिकारी, सहायक विकास अधिकारी ग्राम्य विकास, सहायक विकास अधिकारी सहकारिता आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# 8 को खुलेगा माता प्रसाद पुस्तकालय

कार्यालय संवाददाता जालौन

- दादा की स्मृति में सौरभ द्विवेदी की बेहतरीन शुरुआत

**अमृत विचार।** जिले के कालपी तहसील क्षेत्र के ग्राम चमारी में 8 मार्च को ज्ञान और शिक्षा का एक अनोखा उत्सव देखने को मिलेगा। वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी अपने दादा की स्मृति में गांव में 'माता प्रसाद पुस्तकालय की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास अवसर पर देश की कई प्रतिष्ठित हस्तियां गांव पहुंचेंगी, जिनमें नोबेल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, प्रसिद्ध कवि कुमार विश्वास और शिक्षाविद डॉ. विकास दिव्यकीर्ति प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

ग्रामीण परिवेश में ज्ञान और पढ़ाई की संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया गया यह पुस्तकालय क्षेत्र के युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर लेकर आ रहा है। माना जा रहा है कि किसी छोटे गांव में किसी पुस्तकालय के उद्घाटन के लिए इतनी बड़ी हस्तियों का एक साथ आना अपने आप में ऐतिहासिक होगा।


पत्रकारों से बात करते सौरभ द्विवेदी।

कदौरा विकासखंड के अंतर्गत आने वाला चमारी गांव अब तक साधारण ग्रामीण जीवन और सीमित संसाधनों के लिए जाना जाता रहा है। ऐसे में सौरभ द्विवेदी और उनके परिवार ने अपने पूर्वज माता प्रसाद द्विवेदी की स्मृति को ज्ञान के माध्यम से जीवित रखने का निर्णय लिया और इसी सोच से इस आधुनिक पुस्तकालय की कल्पना की गई। उन्होंने बताया कि यह पुस्तकालय आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए पढ़ने-सुनने की सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यहां लगभग 10 हजार से 20 हजार तक किताबें रखी जाएंगी, जिनमें प्रतियोगी परीक्षाओं, साहित्य, इतिहास, विज्ञान और शोध से जुड़ी किताबें शामिल होंगी। इसके अलावा बुजुर्गों के लिए ऑडियो बुक्स की व्यवस्था भी की जाएगी, जिससे वे किताबों को सुनकर भी ज्ञान प्राप्त कर सकेंगे। इन्फो पार्क के चेयरमैन वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी के बड़े भाई अभय द्विवेदी ने बताया कि उनकी योजना भविष्य में बुंदेलखंड के हर जिले और तहसील में ऐसे पुस्तकालय स्थापित करने की है। इसके साथ ही एक मोबाइल लाइब्रेरी ट्रक तैयार किया जाएगा, जो गांव-गांव जाकर 400 से 500 किताबें बच्चों तक पहुंचाएगा।

